बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार



संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 176 | गुरुवार 17 अक्टूबर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

## सुविचार




## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के तापमान में गिरावट शुरू... हवा की गुणवत्ता में भी सुधार

नई दिल्ली । दिल्ली में तापमान में गिरावट शुरू हुई है। वहीं हवा की गुणवत्ता में कुछ सुधार हुआ है। इस बीच,पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है। इस साल की शुरुआत से 15 अक्टूबर तक पराली जलाने की 2,399 घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 2,791 घटनाएं दर्ज की गई थीं। दिल्ली में खराब होती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के पहले चरण के तहत प्रतिबंध लागू हो गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि सर्दियों में विशेष प्रदूषण रोधी उपायों के अंतर्गत ग्रैप के पहले चरण के तहत प्रतिबंध का उद्देश्य निर्माण स्थलों पर धूल को कम करना, उचित अपशिष्ट प्रबंधन और सड़कों की नियमित सफाई के माध्यम से प्रदूषण को नियंत्रित करना है ग्रैप के पहले चरण में प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की सख्त जांच, बेहतर यातायात प्रबंधन और उद्योगों, बिजली संयंत्रों और ईंट भट्टों में उत्सर्जन नियंत्रण को अनिवार्य बनाया गया है। इसके तहत 500 वर्ग मीटर या उससे ज़्यादा के आकार के प्राइवेट कंस्ट्रक्शन और डेमोलिशन प्रोजेक्ट्स पर रोक। दिल्ली के 300 किलोमीटर के दायरे में पॉल्यूशन फैलाने वाली इंडस्ट्रियल यूनिट और थर्मल पावर प्लांटों पर कार्रवाई पटाखों के प्रोडक्शन, स्टोरेज, और बिक्री पर रोक। 10-15 वर्ष पुराने डीजल/पेट्रोल वाहन पर रोक। खुले में कचरा जलाने पर रोक। खुले स्थानों पर कूड़ा-कचरा फैलाने पर रोक।

### मुंबई में 10 मंजिला इमारत में आग.... तीन की मौत, तीन घायल

मुंबई । मुंबई के अंधेरी वेस्ट में 10 मंजिला इमारत में बुधवार सुबह भीषण आग लग गई। आग में झुलसने से तीन लोगों की मौत हुई है। वहीं, तीन अन्य लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान चंद्रप्रकाश सोनी (74), कांता सोनी (74) और 42 वर्षीय पेलुबेटा के रुप में हुई है। घायलों को कूपर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार, आग लगने की सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची। फिलहाल अभी तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों, हाइड्रेंट, टर्नटेबल सीढ़ी और एक एम्बुलेंस मौजूद हैं। आग एक आवासीय फ्लैट तक ही सीमित है और अधिकारी स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। फिलहाल आग पर काबू पाया जा रहा है।

# नीतीश के साथ फिर गठबंधन के सवाल पर बोले तेजस्वी यादव, अब सवाल ही नहीं, उनका समय खत्म हो गया है

**पटना (एजेंसी)।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ गठबंधन की अटकलों को खारिज कर दिया और दावा किया कि थके हुए जदयू अध्यक्ष के लिए समय आ गया है। जनवरी में जब कुमार अचानक भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में लौट आए तो यादव को उपमुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। तेजस्वी ने कहा कि बिहार में दिन-ब-दिन कानून-व्यवस्था की स्थिति पर नजर डालें तो...ऐसा कोई विधानसभा क्षेत्र नहीं है, जहां हत्या, लूटपाट, अपहरण और बलात्कार जैसे अपराध नहीं होते हों।

राजद नेता ने दावा किया कि बड़ी मुश्किल से एफआईआर दर्ज होती है, जांच शून्य होती है, पीड़ित परिवार को कभी न्याय नहीं मिलता और आरोपी छूट जाता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति भयावह हो गई है। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार अब बिहार नहीं चला पा रहे हैं, थक चुके हैं, उनकी स्थिति हम देख सकते हैं। बांका जिले में पत्रकारों से बात करते हुए, राजद नेता ने उन्हें चुनौती दी कि वे केंद्र में अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके जाति जनगणना करवाएं, साथ ही राज्य के लिए विशेष दर्जा और हाल की बाढ़ से तबाह हुए क्षेत्रों के लिए राहत पैकेज भी हासिल करें।

एक सवाल के जवाब में, अब विपक्ष के नेता, यादव ने कहा अब नीतीश कुमार के साथ हाथ मिलाने का सवाल ही नहीं उठता। उनका समय समाप्त हो गया है। वह थक गए हैं और अब बिहार पर शासन करने में सक्षम नहीं हैं। विशेष रूप से, यादव की पार्टी, जिसका नेतृत्व उनके पिता लालू प्रसाद कर रहे हैं, की जद (यू) के साथ दो साझेदारियाँ रही हैं, दोनों ही अल्पकालिक रहीं। दोनों पार्टियों ने पहली बार 2015 में गठबंधन किया था, जब गठबंधन ने विधानसभा चुनावों में शानदार जीत दर्ज की थी, हालांकि कुमार दो साल बाद एनडीए में वापस चले गए।



दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें



संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क करे।

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो.नं:-9911733939




# सलमान खान को माफ कर देगा बिश्नोई समाज... शर्तें मान लें

**जोधपुर (एजेंसी)।** बीते 26 साल से अभिनेता सलमान खान और बिश्नाई समाज के बीच तनातनी चल रही है। वजह ये है कि 1998 में सलमान खान ने काले हिरन का शिकार किया था। इससे विश्नाई समाज नाराज है। समाज का कहना है कि सलमान खान झूठ न बोलें, पानी छानकर पिए,भगवान बिष्णु का आराधना और प्रार्थना सहित 29 नियमों का पालन करें तो पूरा विवाद खत्म हो जाएगा।

फिल्म हम साथ-साथ हैं की शूटिंग के दौरान जोधपुर के कांकाणी गांव में काले हिरण के शिकार के मामले में सलमान खान सहित कई फिल्मी हस्तियों पर आरोप लगाए गए थे। यह मामला अभी भी न्यायालय में विचाराधीन है, लेकिन अब सवाल उठता है कि क्या बिश्नोई समाज सलमान खान को माफ कर सकता है? अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र बूड़िया ने इस विषय पर अहम बयान दिया है।

देवेंद्र बूड़िया का कहना है कि अगर सलमान खान अपने कृत्य के लिए समाज से माफी मांगते हैं और मुकाम में आकर अपनी गलती को स्वीकार करते हैं, तो बिश्नोई समाज के 29 नियमों के तहत उन्हें माफ किया जा सकता है। बिश्नोई समाज के दसवें नियम में यह प्रावधान है कि गलती करने वाले को क्षमा किया जा सकता है। यह नियम समाज के धर्मगुरु भगवान जंभेश्वर जी द्वारा स्थापित किया गया था, जिसके अनुसार दया और क्षमा के भाव से अपराधी को माफ करने की व्यवस्था है।

बिश्नोई समाज प्रकृति प्रेम और शांति का प्रतीक माना जाता है, और अपने 29 नियमों के माध्यम से यह समाज न केवल धार्मिक अनुशासन बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी को भी बढ़ावा देता है। महिपाल बिश्नोई, जो इस घटना से जुड़े रहे, ने बताया कि 1998 की उस रात गांव वालों ने गोली की आवाज सुनी थी और बाद में दो काले हिरणों का शव पाया गया। समाज के लोगों ने एक जिप्सी को घटनास्थल से भागते देखा, जिसमें सलमान खान और उनके साथी मौजूद थे। बिश्नोई समाज का मानना है कि प्रकृति और जीवों की रक्षा करना उनका धर्म है। हालांकि, देवेंद्र बूड़िया के बयान के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या सलमान खान माफी मांगेंगे और क्या समाज उन्हें क्षमा करेगा।

### इन नियमों का करना होगा पालन

सुबह स्नान करना और शुद्धता बनाए रखना, शील, संतोष, और शुद्धता का पालन करना,

सुबह-शाम संध्या और प्रार्थना करना, शाम को आरती करना और भगवान विष्णु के गुण गाना, सुबह हवन करना, पानी छानकर पीना और शुद्ध वाणी बोलना, ईंधन और दूध छानकर लेना,



क्षमा और सहनशीलता का पालन करना, दया और नम्रता से जीवन जीना,

चोरी न करना, निंदा न करना, झूठ न बोलना, वाद-विवाद से बचना, अमावस्या का व्रत रखना, विष्णु भजन करना, सभी प्राणियों पर दया रखना, पेड़ों को नहीं काटना, अपने हाथ से खाना पकाना, बैल को बधिया (नपुंसक) न करना, नशे (अमल), तंबाकू, भांग और शराब का सेवन न करना, मांस का सेवन न करना, नीले रंग के कपड़े न पहनना।

# अब मणिपुर में होगी शांति, मैतेई, कुकी और नगा के बीच बनी सहमति, केंद्रीय गृहमंत्रालय ने बुलाई थी विधायकों की बैठक

नई दिल्ली । मणिपुर में जारी हिंसा के बीच शांति की पहली हुई । केंद्रीय गृह मंत्रालय की पहल पर मणिपुर के मैतेई, कुकी और नगा समुदायों के 20 विधायक दिल्ली पहुंचे । बैठक पहले गृह मंत्रालय में तय थी, लेकिन बाद में उन्हें खान मार्केट स्थित आईबी दफ्तर ले जाया गया । मंगलवार को बैठक में आईबी के पूर्वोत्तर के संयुक्त निदेशक राजेश कांबले, बीजेपी के समन्वयक संबित पात्रा, केंद्र के सुरक्षा सलाहकार एके मिश्रा और अन्य अधिकारी मौजूद थे । बैठक में पहले कुकी, फिर मैतेई और बाद में नगा नेताओं से बातचीत की गई, जिसमें उन्होंने अपनी-अपनी मांगें केंद्र के सामने रखी । इसके बाद सभी नेताओं को एकत्रित कर संकल्प दिलाया कि मणिपुर में न तो कोई गोली चलेगी और न ही किसी की जान जाएगी । तीनों समुदायों के प्रतिनिधियों ने इस पर सहमति जताई और एक-दूसरे से हाथ मिलाया । सूत्रों के मुताबिक मणिपुर में हालात को सुधारने के लिए नगा लोगों का अहम रोल था । राज्य में 2016 में सात नए जिले बनाए गए थे, जिन्हें कुकी बहुल कहा जाता है, हालांकि यहां नगा भी रहते हैं । नगा संगठन, यूनाइटेड नगा काउंसिल, इन जिलों को वापस लेने और 1972 की स्थिति को बहाल करने की मांग कर रहा है । 11 सितंबर को गृह मंत्रालय से 15 दिन में इस मुद्दे को हल करने की चेतावनी दी थी । कुकी जनजाति ने तीन मुख्य मांगें उठाई जिसमें सीएम एन. बीरेन सिंह को हटाना, कुकी इलाकों में अलग प्रशासन की मांग और हथियारबंद समूहों को गैर-कानूनी घोषित करना । इन मांगों पर अंतिम निर्णय कुकी काउंसिल की बैठक में लिया जाएगा, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी ।

# बंगाल खाड़ी में उठा तूफान आज पुडुचेरी और नेल्लोर तट से टकराने की आशंका

**कोलकाता(एजेंसी)।** बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी में दबाव का क्षेत्र चक्रवाती तूफान में बदल गया है और गुरुवार सुबह पुडुचेरी और नेल्लोर के बीच तूफान के तट से टकराने की आशंका है और इससे दक्षिण तट और रायलसीमा के कई स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। आंध्र प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मौसम विभाग ने कहा कि तूफान के गुरुवार सुबह पुदुचेरी और नेल्लोर के बीच तट के पास टकराने की उम्मीद है। तट के किनारे हवाएं चल रही हैं जिनके 40-60 किमी/घंटा की गति होने की उम्मीद है।



चेन्नई और तमिलनाडु के कई इलाकों में विगत दिवस हुई भारी बारिश से शहर में आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। रिहायशी इलाकों और सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। बारिश के कारण यातायात थम सा गया है। सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बाधित हो गईं और कई घरेलू उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। दक्षिणी रेलवे ने जलभराव के चलते चेन्नई सेंट्रल-मैसूर कावेरी एक्सप्रेस सहित चार एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया है। कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है कुछ को चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन से पहले ही रोक दिया था। कई घरेलू उड़ानें रद्द की गई हैं क्योंकि पर्याप्त संख्या में यात्री नहीं आए। आईएमडी के मुताबिक चिह्नित निम्न दबाव क्षेत्र एक अवसाद में बदल गया है और गुरुवार सुबह चेन्नई तट को पार करने की उम्मीद है।

आईएमडी ने कहा कि तिरुवल्लूर, कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और चेन्नई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश और एक या दो स्थानों पर मूसलाधार भारी बारिश होने की संभावना है। कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा ने कहा कि भारी बारिश के पूर्वानुमान के बाद बेंगलुरु में आपदा प्रतिक्रिया बल के जवानों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी जरुरत के लिए 40 कर्मियों को तैनात किया जा रहा है। हमने तत्काल प्रतिक्रिया के लिए अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं को स्टैंडबाय पर रखा है। शहर के नागरिक निकाय ब्रुहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) ने आठ क्षेत्रों में 24 घंटे चालू रहने वाले विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किए हैं और बारिश से संबंधित समस्याओं की रिपोर्ट करने एक हेल्पलाइन नंबर 1533 भी चालू किया है। जिस पर सूचना दी जा सकती है।

# नाली निर्माण और घटिया सामग्री की खबर संस्कार उजाला ने की थी प्रकाशित

### अधिकारियों ने लिया संज्ञान संस्कार उजाला अखबार में छपी खबर का असर

संस्कार उजाला
**खुटार शाहजहांपुर**

खुटार क्षेत्र के गांव महेशपुर में नाली और खड़ंजा निर्माण कार्य में पुरानी ईंट ठेकेदार के द्वारा लगाई जा रही थी हिंदी दैनिक संस्कार उजाला ने खबर को प्रकाशित किया था गांव में खड़ंजा और नाली निर्माण में ठेकेदार बा सचिन की मिली भगत से पुरानी ईंट और घटिया सामग्री लगाने के संबंध में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन की नींद खुली और प्रशासन ने टीम जांच के लिए गठित कर दी टीम गांव जाकर जांच करेगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी करेगी अखबार के माध्यम से हमें जानकारी मिली थी टीम गठित कर दी गई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी वीडियो वीरेंद्र मिश्रा खुटार।

**बंदरबांट के चलते नाली निर्माण में कोताही बरत रहा ठेकेदार**

संस्कार उजाला
खुटार शाहजहांपुर।



खुटार विकास खंड खुटार की ग्राम पंचायत अटकोना के गांव महेशपुर में आशाराम के मकान से मगरेलाल के मकान तक नाली निर्माण कार्य हो रहा है। जिसमें नाली की 9 इंच की दीवार की जगह पर चार इंच की ही दीवार बनाई जा रही है तथा रद्दी ईंट जिसे खरा पीला भी कह सकते हैं प्रयोग में लाई जा रही है। जबकि नाली निर्माण कार्य में नीचे फाउंडेशन बनाया जाता है जिसमें रोड़ी,रेत,सीमेंट आदि डालकर फाउंडेशन बनाया जाता है जिसके बाद 9 इंच दीवार बनाई जाती है। लेकिन यहां पर फाउंडेशन की जगह पर सड़क से खंजड निकाल कर सिर्फ पुरानी ईंटें ही बिछाई गई है। बताया जा रहा है कि ब्लाक कर्मचारियों की मिलीभगत के चलते यह काम एक ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है निर्माण में कोताही बरत कर सरकारी धन को बचाया जा रहा है ताकि बाद में आपस में बंदरबांट किया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि उच्च अधिकारियों को जांच करनी चाहिए ताकि सरकारी धन का सही से प्रयोग हो सके। जानकारी मिली थी वीडियो साहब को अवगत कराया जाएगा कार्यवाही के लिए ब्लॉक प्रमुख नामित दीक्षित खुटार

# सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण को लेकर हरियाणा और पंजाब को फटकार लगाई

**-आदेश का पालन नहीं हुआ तो मुख्य सचिव पर होगी अवमानना की कार्रवाई**

**-दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से लोग हो रहे परेशान**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को लेकर हरियाणा और पंजाब को फटकार लगाई है। बुधवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि आदेश का पालन नहीं हुआ तो हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने पहले आदेश का पालन नहीं किए जाने को लेकर बुधवार 16 अक्टूबर को हरियाणा और पंजाब सरकार को जबरदस्त फटकार लगाई है। कोर्ट ने चेतावनी दी और कहा कि यदि उसके आदेश का पालन नहीं किया गया तो हरियाणा के मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि आखिर पराली जलाने वालों के खिलाफ मुकदमा चलाने और नाममात्र को जुर्माना लगाकर लोगों को छोड़ने से राज्य क्यों कतरा रहा है? इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को एक सप्ताह का समय देने की बात कहते हुए कहा कि यदि आदेश का पालन नहीं किया गया तो मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना का मामला दर्ज करेंगे। कोर्ट के इस सवाल पर कि आप लोगों पर मुकदमा चलाने से क्यों कतराते हैं? हरियाणा के वकील ने बताया कि हमने इस साल करीब 17 के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं।

### कानून का उल्लंघन करने वालों पर एक भी मुकदमा नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने जहां यह कहा कि आयोग का कोई भी सदस्य वायु प्रदूषण से निपटने के लिए योग्य नहीं हैं वहीं इस बात को लेकर हैरानी भी जताई कि कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया गया यहां तक कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभी तक एक भी मुकदमा नहीं चलाया गया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि सब कुछ महज कागज़ों पर चल रहा है। पराली जलाने वालों को रोकने में असफल रहने के चलते सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के मुख्य सचिव को अगली सुनवाई के दौरान कोर्ट में पेश होने का आदेश भी दे दिया।

### नाममात्र का जुर्माना और कुछ नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि आप तो नाममात्र का जुर्माना ले रहे हैं। हद यह है कि इसरो आपको बता रहा कि आग कहां लगी थी और आप कहते हैं कि आपको कुछ नहीं मिला। कोर्ट ने कहा कि कानून उल्लंघन के 191 मामले आए और आपने सिर्फ़ नाममात्र का जुर्माना लिया। एनसीटी क्षेत्र अधिनियम के तहत आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना की गई है। इस पर हरियाणा सरकार की ओर से पेश हुए वकील ने गलती स्वीकार करते हुए कहा कि मैं अपनी ओर से हुई चूक या गलती को स्वीकार करता हूं। इस पर कोर्ट का कहना था कि यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है यदि मुख्य सचिव किसी के इशारे पर काम कर रहे हैं तो उनके खिलाफ भी हम समन जारी करेंगे।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को फटकार लगाई और कहा कि पंजाब सरकार ने भी पराली जलाने पर रोक के आदेश पर कुछ नहीं किया। विगत 03 सालों में पंजाब ने एक भी व्यक्ति पर मुकदमा नहीं चलाया। नाममात्र का जुर्माना लगा रहे हैं और कुछ नहीं किया गया। धान की पराली जलाई जा रही है और आप वायु प्रदूषण निवारण अधिनियम 1981 के तहत कुछ करना ही नहीं चाहते। वायु लगातार प्रदूषित हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने पर रोक लगाने में असफल रहने पर पंजाब सरकार के मुख्य सचिव को भी अगले बुधवार 23 अक्टूबर को सुनवाई में अदालत में व्यक्तिगत तौर पर पेश होने के आदेश दिए हैं।



पंजाब और हरियाणा को फटकार लगाने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को भी आदेश दिया कि हरियाणा और पंजाब के जिन अधिकारियों ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया उनके खिलाफ वो कारवाई करे। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण से लोगों का जीना मुहाल हो जाता है, ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने इस बार सख्ती दिखाई है, ताकि समस्या का समाधान निकाला जा सके।

# बीएसएनएल : कहीं भीतरघात का शिकार तो नहीं?

निर्मल रानी

यदि बी एस एन एल में ही सर्वोच्च पदों पर बैठे अधिकारियों की साजिश के चलते और उनकी उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों से मिली भगत के परिणाम स्वरूप इस पीएसयू की इतनी दयनीय हालत हो रही है तो ऐसे 'विभीषणों ' का भी बेनकाब होना बेहद जरूरी है। न केवल सरकार बल्कि स्वयं बीएसएनएल कर्मियों को भी इस बात पर नजर रखनी होगी कि भारत सरकार का यह लोकप्रिय केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम बी एस एन एल किन कारणों से अपने उपभोक्ताओं को समुचित सेवायें नहीं दे पा रहा है? बी एस एन एल, कहीं भीतरघात का शिकार तो नहीं?

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) भारत सरकार के केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) का एक प्रमुख एवं लोकप्रिय उपक्रम है। बीएसएनएल का स्वामित्व दूरसंचार विभाग के पास है और दूरसंचार विभाग संचार मंत्रालय का एक हिस्सा है। भारत सरकार ही बीएसएनएल की 100% शेयर पूंजी का मालिक भी है। इस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में संचार मंत्रालय का कामकाज अश्विनी वैष्णव देख रहे हैं जोकि भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री हैं। हालाँकि भारतीय संचार क्षेत्र में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल तथा वोडाफोन आइडिया जैसे और भी कई छोटी व क्षेत्रीय निजी कम्पनीज सक्रिय हैं परन्तु इन सबसे प्रतिस्पर्धा होने के बावजूद आज भी बीएसएनएल को देश में सबसे अधिक उपभोक्ता रखने का गौरव हासिल है।




आंकड़ों के मुताबिक जुलाई 2024 तक बीएसएनएल के पास देश में लगभग 88.512 मिलियन मोबाइल फोन के ग्राहक थे। इसका मुख्य कारण यह भी था कि देश की प्रमुख टेलीकॉम कंपनियों ने जून 24 में ही अपने अपने मोबाइल टैरिफ बढ़ा दिये थे। इनमें रिलायंस जियो ने जहां 27 जून को अपने टैरिफ में 12 से 27 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी वहीं भारती एयरटेल ने 8 जून को अपना टैरिफ 11 से 21 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। इसी तरह वोडाफोन आइडिया ने भी 29 जून, 24 को अपना टैरिफ 10 से 24 प्रतिशत तक बढ़ा दिया। इसी बढ़ोतरी के फौरन बाद ही बीएसएनएल में 2.93 मिलियन ग्राहकों की वृद्धि हुई। जबकि निजी दूरसंचार कंपनियों को अपने करोड़ों ग्राहकों से हाथ धोना पड़ा। उस समय बीएसएनएल ने पहली बार ग्राहकों की इतनी वृद्धि दर्ज की थी। जून- जुलाई 24 में बीएसएनएल ने लगभग 2.9 मिलियन उपयोगकर्ता अपने साथ जोड़े।

बीएसएनएल को ऐसा ही एक अवसर उस समय भी हाथ लगा था जबकि 2020-2021 में हुये किसान आंदोलन के समय पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के किसानों द्वारा 2020 में भारतीय संसद द्वारा पारित तीन कृषि अधिनियमों के विरुद्ध आंदोलन चलाया जा रहा था। उस समय किसान, अंबानी-अडानी द्वारा संचालित उद्यमों व उपक्रमों का भी विरोध कर रहे थे। किसानों का कहना था कि मोदी सरकार अंबानी-अडानी जैसे निजी उद्योगपतियों को फायदा पहुँचाने के लिये ही तीन कृषि अधिनियम लाई है। इसलिये किसानों द्वारा पंजाब, हरियाणा में रिलायंस जियो का भी बड़े पैमाने पर विरोध यहां तक कि बहिष्कार किया जा रहा था। रिलायंस जियो के तो कई मोबाईल टावर्स में भी उस समय तोड़ फोड़ की खबरें आई थीं। बहरहाल जिन उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए निजी कम्पनीज सैकड़ों हजारों करोड़ रुपए विज्ञापन या प्रलोभन में खर्च करती हैं वही उपभोक्ता बिना किसी प्रयास के बीएसएनएल को स्वयं ही मिल रहे थे इससे बड़ी लोकप्रियता की बात बीएसएनएल के लिये और क्या हो सकती है?

परन्तु चिंता का विषय है कि देश का सबसे बड़ा संचार नेटवर्क होने के बावजूद नेटवर्क और स्पीड दोनों ही मामलों में बीएसएनएल अपने में सुधार नहीं कर पा रहा है। उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल व हरियाणा यहाँ तक कि चंडीगढ़ में तो इसकी गति नाममात्र है। सवाल यह है कि देश का सबसे बड़ा व सबसे साधन संपन्न नेटवर्क व सबसे अधिक टावर्स रखने के बावजूद आखिर क्या वजह है कि गांव में तो दूर शहरों तक में इसके पूरे मोबाईल सिग्नल नहीं आ पाते? आज के युग में जबकि 5 -10 रुपये से लेकर लाखों रुपए तक की लेनदेन मोबाईल गूगल या पे फोन जैसे माध्यमों से की जा रही हो, ऐसे में अन्य निजी कम्पनीज की ही तरह बीएसएनएल का भी राष्ट्रव्यापी नेटवर्क तीव्र गति के साथ उपलब्ध होना बेहद जरूरी है। परन्तु एक तरफ तो देशभक्ति का जज्बा रखने वाले ग्राहकों का बीएसएनएल की ओर आकर्षित होना और दूसरी तरफ बीएसएनएल द्वारा अपने ग्राहकों की जरूरतों और नेटवर्क व स्पीड की कमी के चलते उन्हें होने वाली परेशानियों की अनदेखी करना या इसका तत्काल समाधान न करना बीएसएनएल के ग्राहकों के मन में संदेह जरूर पैदा करता है।

दरअसल पिछले एक दशक से ऐसी तमाम खबरें आ रही हैं जिनसे यह पता चलता है कि सरकारें उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों की हितैषी के रूप में काम कर रही हैं। जिसतरह विद्युत, रेल, बंदरगाह, इन्शुरन्स, बैंकिंग, तेल, गैस, कोयला, सैन्य सामग्री, विमानन व संचार जैसे अनेक क्षेत्रों में सरकारों की सरपरस्ती में उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों का दखल बढ़ा है और देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी इन उद्योगपतियों के लिये व्यवसायिक आधार तैयार कर कई देशों में इन्हें माइनिंग, बिजली व निर्माण आदि के ठेके दिलवाये गये हैं उन्हें देखकर यह संदेह होना भी स्वभाविक है कि कहीं बीएसएनएल को बदनाम करने व इसे कमजोर करने के लिये ही तो यह षड़यंत्र किसी बड़ी व सत्ता संरक्षित साजिश के तहत तो नहीं किया जा रहा?

यदि बीएसएनएल ईमानदारी से चाहे तो कम से कम समय में अपने उपभोक्ताओं को हो रही इन परेशानियों से निजात दिला सकता है। और यदि बीएसएनएल की ओर से पूरे देश के हर कोने तक अपना नेटवर्क व पूरा सिग्नल पहुंचा दिया जाये और उसकी गति में सुधार कर दिया जाये तो निश्चित रूप से निजी कम्पनीज की तरफ से अभी और भी करोड़ों उपभोक्ता अपना मुंह फेर लेंगे। परन्तु सत्ता में बैठे उद्योगपतियों के वे शुभचिंतक जो वास्तव में सरकार में उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों के हितों के न केवल पैरोकार हैं बल्कि सच पूछिए तो उन्हीं के सीधे प्रतिनिधि के रूप में सत्ता में अहम पदों पर बैठे हुये हैं। ऐसे लोगों के सत्ता के शीर्ष पदों पर रहते क्या बीएसएनएल, प्रमुख निजी टेलीकॉम कंपनियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा कर सकेगा? बीएसएनएल मोबाइल के मौजूदा नेटवर्क तथा उसकी मंद गति को देखकर इस बात पर संदेह होना स्वाभाविक है। और यदि बी एस एन एल में ही सर्वोच्च पदों पर बैठे अधिकारियों की साजिश के चलते और उनकी उद्योगपतियों व कॉर्पोरेट घरानों से मिली भगत के परिणाम स्वरूप इस पीएसयू की इतनी दयनीय हालत हो रही है तो ऐसे 'विभीषणों ' का भी बेनकाब होना बेहद जरूरी है। न केवल सरकार बल्कि स्वयं बीएसएनएल कर्मियों को भी इस बात पर नजर रखनी होगी कि भारत सरकार का यह लोकप्रिय केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम बी एस एन एल किन कारणों से अपने उपभोक्ताओं को समुचित सेवायें नहीं दे पा रहा है? बी एस एन एल, कहीं भीतरघात का शिकार तो नहीं?

## संपादकीय

### सरकार का सख्त रुख

भारत और कनाड़ा के बीच कूटनीतिक टकराव ने नया मोड़. ले लिया है। सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से जुड़े. आरोपों के कारण भारत ने कनाड़ा के छह राजनयिकों को निष्कासित करने से पहले उच्चायुक्त और कुछ अधिकारियों को कनाड़ा से वापस बुलाने का फैसला किया। विदेश मंत्रालय ने कनाड़ा के प्रभारी राजदूत स्टीवर्ट वीलर को तलब किया और स्पष्ट रूप से चेताया कि भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा और अन्य राजनयिकों एवं अधिकारियों को निराधार तरीके से निशाना बनाया गया जो नई दिल्ली को पूरी तरह से अस्वीकार्य है। हाल के वर्षों में दूसरा अवसर है जब किसी पश्चिमी देश के राजनयिक को इस तरह की फटकार लगाई गई है। इससे पहले दिसम्बर, 2020 में भी कनाड़ा के राजदूत को विदेश मंत्रालय ने फटकार लगाई थी। उस दौरान कनाड़ा ने भारत के किसान आंदोलन को लेकर मानवाधिकारों के हनन की बात कही थी। इस बार भारत के सख्त रुख को लेकर विदेश नीति के जानकारों का नजरिया अलग-अलग है। एक मत यह है कि भारत ने कनाड़ा ही नहीं, बल्कि अमेरिका को भी संदेश दिया है। वस्तुतः खालिस्तानी अलगाववादी निज्जर को लेकर कनाड़ा और अमेरिका दोनों आरोप लगाते रहे हैं कि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंसियों का हाथ है। इस संबंध में भारत ने कनाड़ा से सबूत मांगे हैं, लेकिन उसने कोई सबूत नहीं दिया। प्रधानमंत्री ट्रूड़ो सिखों के वोट के लिए इस तरह के बेबुनियाद आरोप लगाते रहते हैं। जाहिराना तौर पर कनाड़ा के नेताओं के बयानों को भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के रूप में देखा गया था और विदेश मंत्रालय ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज की थी। हालांकि भारत और कनाड़ा के बीच व्यापक रिश्ते रहे हैं, लेकिन खालिस्तानी आंदोलन से जुड़े.सिखों द्वारा भारत में स्वतंत्र सिख राष्ट्र-राज्य की मांग के कारण दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण रहे हैं। कनाड़ा में सिख आबादी खासी है। ट्रूड़ो राजनीतिक फायदे के लिए सिखों का समर्थन करते रहते हैं। इस बार मोदी सरकार के सख्त रुख से दोनों देशों के कूटनीतिक रिश्ते खत्म होने के कगार पर हैं। वास्तव में पश्चिमी देशों का सत्ता प्रतिष्ठान, सिविल सोसाइटी और मीड़िया का रुख भारत की राष्ट्रवादी मोदी सरकार के प्रति अनुकूल नहीं रहा है। वे किसी न किसी मुद्दे को लेकर मोदी सरकार को निशाना बनाने की कोशिश करते रहते हैं। अब मोदी सरकार ने ऐने लोगों के प्रति 'भय बिन होए न प्रीति' की नीति अपनाई है।



## चिंतन-मनन

### भक्त के भीतर रहते हैं कृष्ण

जब भगवान चैतन्य बनारस में हरे कृष्ण महामंत्र के कीर्तन का प्रवर्तन कर रहे थे, तो हजारों लोग उनका अनुसरण कर रहे थे।

तत्कालीन बनारस के अत्यंत प्रभावशाली और विद्वान प्रकाशानंद सरस्वती उनको भावुक कहकर उनका उपहास करते थे। कभी-कभी भक्तों की आलोचना दार्शनिक यह सोचकर करते हैं कि भक्तगण अंधकार में हैं और दार्शनिक दृष्टि से भोले-भाले भावुक हैं, किंतु यह तथ्य नहीं है। ऐसे अनेक बड़े-बड़े विद्वान पुरुष हैं, जिन्होंने भक्ति का दर्शन प्रस्तुत किया है। किंतु यदि कोई भक्त उनके इस साहित्य का या अपने गुरु का लाभ न भी उठाए और यदि वह अपनी भक्ति में एकनिष्ठ रहे, तो उसके अंतर से कृष्ण स्वयं उसकी सहायता करते हैं।अतः कृष्णभावनामृत में रत एकनिष्ठ भक्त ज्ञानरहित नहीं हो सकता। इसके लिए इतनी ही योग्यता चाहिए कि वह पूर्ण कृष्णभावनामृत में रहकर भक्ति संपन्न करता रहे। आधुनिक दार्शनिकों का विचार है कि बिना विवेक के शुद्ध ज्ञान प्राप्त नहीं किया जा सकता। उनके लिए भगवान का उत्तर है- जो लोग शुद्धभक्ति में रत हैं, भले ही वे पर्याप्त शिक्षित न हों तथा वैदिक नियमों से पूर्णतया अवगत न हों, किंतु भगवान उनकी सहायता करते ही हैं। भगवान अजरुन को बताते हैं कि मात्र चिंतन से परम सत्य भगवान को समझ पाना असंभव है, क्योंकि भगवान इतने महान हैं कि कोरे मानसिक प्रयास से उन्हें न तो जाना जा सकता है, न ही प्राप्त किया जा सकता है। भले ही कोई लाखों वर्षो तक चिंतन करता रहे, किंतु यदि भक्ति नहीं करता, यदि वह परम सत्य का प्रेमी नहीं है, तो उसे कभी भी कृष्ण या परम सत्य समझ में नहीं आएंगे।परम सत्य, कृष्ण, केवल भक्ति से प्रसन्न होते हैं और अपनी अचिंत्य शक्ति से वे शुद्ध भक्त के हृदय में स्वयं प्रकट हो सकते हैं।शुद्धभक्त के हृदय में तो कृष्ण निरंतर रहते हैं और कृष्ण की उपस्थिति सूर्य के समान है, जिसके द्वारा अज्ञान का अंधकार तुरंत दूर हो जाता है।

# अन्तर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवसः गरीबी के शर्म के कलंक को धोना होगा

अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस हर साल 17 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरूआत 17 अक्टूबर, 1987 को हुई थी। उस दिन, पेरिस के ट्रोकाडेरो में एक लाख से ज्यादा लोग इकट्ठा हुए थे। इस दिन को मनाने का मकसद, अत्यधिक गरीबी, हिंसा, और भूख से पीड़ित लोगों को सम्मानित जीवन उपलब्ध कराना है। इस दिवस की 2024 की थीम है, ह्यसामाजिक और संस्थागत दुर्व्यवहार को समाप्त करना, न्यायपूर्ण, शांतिपूर्ण और समावेशी समाज के लिए मिलकर कार्य करना।ह्न यह दिन गरीबी को कम करने के लिए सामूहिक कार्रवाई की जरूरत पर जोर देता है। इस दिवस का मकसद गरीबों के संघर्षों और उनकी चिंताओं को सुनना, उन्हें गरीबी से बाहर आने में मदद करना और अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए सामूहिक कार्रवाई के महत्व पर जोर देना भी है। जो गरीबी में रहने वाले लोगों और व्यापक समाज के बीच समझ और संवाद को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है। गरीबी को खत्म करना सिर्फ. गरीबों की मदद करना नहीं है - बल्कि हर महिला और पुरुष को सम्मान के साथ जीने का मौका देना है। गरीबी किसी व्यक्ति के मानवाधिकारों का हनन है। यह न केवल अभाव, भूख और पीड़ा का जीवन जीने की ओर ले जाती है, बल्कि मौलिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं के आनंद का भी बड़ा अवरोध है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 2022 के अंत तक विश्व की 8.4 प्रतिशत जनसंख्या, या लगभग 670 मिलियन लोग, अत्यधिक गरीबी में रह रहे थे। अनुमान है कि वैश्विक जनसंख्या का लगभग 7 प्रतिशत लगभग 575 मिलियन लोग 2030 तक भी अत्यधिक गरीबी में फंसे रह सकते हैं।

आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार देना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। विगत दस वर्ष एवं मोदी के तीसरे कार्यकाल में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार भारत में कुल 23 करोड़ गरीब हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नए विचारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर विमर्श के साथ गरीबों के लिये आर्थिक स्वावलम्बन-स्वरोजगार की आज देश को सख्त जरूरत है। गरीबों को मुफ्त की रेवड़िया बांटने एवं उनके वोट बटोरने की स्वार्थी राजनीतिक मानसिकता से उपरत होकर ही गरीबमुक्त संतुलित समाज संरचना की जा सकती है।

गरीबी पहले भी अभिशाप थी लेकिन अब यह संकट और गहराया है। गरीबी केवल भारत की ही नहीं, बल्कि दुनिया की एक बड़ी समस्या है। गरीबी एक गंभीर बीमारी है, किसी भी देश के लिए गरीबी एक बदनुमा दाग है। जब किसी राष्ट्र के लोगों को रहने को मकान, जीवन निर्वाह के लिये जरूरी भोजन, कपड़े, दवाइयां आदि जैसी चीजों की कमी महसूस होती है, तो वह राष्ट्र गरीब राष्ट्र की श्रेणी में आता है। इस गरीबी से मुक्ति के लिये सरकारें व्यापक प्रयत्न करती हैं। हम जिन रास्तों पर चल कर एवं जिन योजनाओं को लागू करते हुए देश में समतामूलक संतुलित समाज निर्माण की आशा करते हैं वे योजनाएं विषम और विषभरी होने के कारण सभी कुछ अभिनय लगता है, छलावा लगता है, भ्रम एवं फरेब लगता है। सब नकली, धोखा, गोलमाल, विषमताभरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लोक राज्य, स्वराज्य, सुराज्य, रामराज्य का सुनहरा स्वप्न ऐसी नींव पर कैसे साकार होगा? क्योंकि यहां तो सारे राजनीति दल एवं लोकतंत्र को हांकने वाले सब अपना-अपना साम्राज्य खड़ा करने में लगे हैं। विश्व की सारी संपदा, सारे संसाधन गरीबी को मिटाने में लगते तो आज स्थिति बहुत भिन्न होती, किन्तु बीच में सत्ता की लालसा एवं विश्व पर साम्राज्य स्थापित करने की महत्वाकांक्षाओं ने व्यवधान खड़े कर दिये। इसी कारण जो संपदा है, वह मानव को सुखी, संतुलित या सामान्य बनाने की दिशा में नहीं लगी, संहारक अस्त्रों के निर्माण, आतंकवाद एवं युद्ध की मानसिकता में लगी। एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को भयभीत रखने में अपनी ऊर्जा खपा रहा है, न कि गरीब इंसान की गरीबी दूर करने में।

आज का भौतिक दिमाग कहता है कि घर के बाहर और घर के अन्दर जो है, बस वही जीवन है। लेकिन राजनीतिक दिमाग मानता है कि जहां भी गरीब है, वही राजनीति के लिये जीवन है, क्योंकि राजनीति को उसी से जीवन ऊर्जा मिलती है। यही कारण है कि इस देश में सतहत्तर साल के बाद भी गरीबी कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है, जितनी गरीबी बढ़ती है उतनी ही राजनीतिक जमीन मजबूती होती है। क्योंकि सत्ता पर काबिज होने का मार्ग गरीबी के रास्ते से ही आता है। बहुत बड़ी योजनाएं इसी गरीबी को खत्म करने के लिये बनती रही हैं और आज भी बन रही हैं। लेकिन गरीब खत्म होते गये और गरीबी आज भी कायम है। सरकारी योजनाओं की विसंगतियां ही है कि गांवों में जीवन ठहर गया है। बीमार, अशिक्षित, विपन्न मनुष्य मानो अपने को ढो रहा है। कह तो सभी यही रहे हैं--बाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है। रोटी केवल शब्द नहीं है, बल्कि बहुत बड़ी परिभाषा समेटे हुए है अपने भीतर। जिसे आज का मनुष्य अपनी सुविधानुसार परिभाषित कर लेता है। रोटी कह रही है-मैं महंगी हूँ तू सस्ता है। यह मनुष्य का घोर अपमान है। रोटी कीमती, जीवन सस्ता। मनुष्य सस्ता, मनुष्यता सस्ती। और इस तरह गरीब को अपमानित किया जा रहा है, यह सबसे बड़ा खतरा है। गरीब यानी जिसके पास धन उसकी जरूरत से कम हो या जो दो वक्त की रोटी की जुगाड़ नहीं कर सकता। जो अपनी बूढ़ी मां का इलाज नहीं करवा सकता। जो अपने बच्चों की फीस नहीं भरवा सकता।

गरीबी व्यक्ति को बेहतर जीवन जीने में अक्षम बनाता है। गरीबी के कारण व्यक्ति को जीवन में शक्तिहीनता और आजादी की कमी महसूस होती है। गरीबी उस स्थिति की तरह है, जो व्यक्ति को अपनी इच्छानुसार कुछ भी करने में अक्षम बनानी है। गरीबी ऐसी त्रासदी एवं दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति है जिसका कोई भी अनुभव नहीं करना चाहता। एक बार महात्मा गांधी ने कहा था कि गरीबी कोई दैवीय अभिशाप नहीं है बल्कि यह मानवजाति द्वारा रचित सबसे बड़ी समस्या है। भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर-गरीब में ऊंच-नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी आदि हैं। एक आजाद मुल्क में, एक शोषणविहीन समाज में, एक समतावादी दृष्टिकोण में और एक कल्याणकारी समाजवादी व्यवस्था में गरीबी रेखा नहीं होनी चाहिए। यह रेखा उन कर्णधारों के लिए शर्म की रेखा है, जिसको देखकर उन्हें शर्म आनी चाहिए। यहां प्रश्न है कि जो रोटी नहीं दे सके वह सरकार कैसी? जो अभय नहीं बना सके, वह व्यवस्था कैसी? जो इज्जत व स्नेह नहीं दे सके, वह समाज कैसा? जो शिष्य को अच्छे-बुरे का भेद न बता सके, वह गुरु कैसा?

गांधी और विनोबा ने सबके उदय एवं गरीबी उन्मूलन के लिए 'सर्वोदय' की बात की। लेकिन राजनीतिज्ञों ने उसे निज्योदय बना दिया। जे. पी. ने जाति धर्म से राजनीति को बाहर निकालने के लिए 'संपूर्ण क्रांति' का नारा दिया। जो उनको दी गई श्रद्धांजलि के साथ ही समाप्त हो गया। 'गरीबी हटाओ' में गरीब हट गए। स्थिति ने बल्कि नया मोड़ लिया है कि जो गरीबी के नारे को जितना भुना सकते हैं, वे सत्ता प्राप्त कर सकते हैं। कैसे समतामूलक एवं संतुलित समाज का सुनहरा स्वप्न साकार होगा? कैसे मोदीजी का नया भारत निर्मित होगा?

**-ललित गर्ग**

# साइबर ठगी का बढ़ता दायरा, सज्जनों पर संकट



विजय कुमार जैन

आधुनिक संचार क्रांति के युग में मोबाइल एवं इंटरनेट जितने लाभदायक हैं उससे ज्यादा हानिकारक भी हैं। मोबाइल एवं इंटरनेट के माध्यम से भारत ही नहीं दुनिया में आए दिन साइबर ठगी की घटनाएं सुनने में आ रही है साइबर अपराध करने वालों की गैंग जानबूझकर ऐसे समय संबंधित को निशाना बनाते हैं जब वह विचार ही नहीं कर पाता और उनके द्वारा जितनी राशि की मांग की जाती है तत्काल उनके खाते में डाल देते हैं। इसके बाद पछतावा ही हाथ रहता है। मैं साइबर ठगी की कुछ घटनाओं का यहां पर उल्लेख करना चाहूंगा गुना जिले में श्री द्वारका प्रसाद शर्मा महिला बाल विकास विभाग में लिपिक हैं, इनको अपरिचित मोबाइल से फोन आया और मोबाइल नंबर का केवाईसी करने की बात कही ओटीपी पूछा और बैंक खाते से रू.16000 निकल लिये ।श्री बलवीर सिंह गुर्जर निवासी साडा कॉलोनी राघौगढ़ सेवानिवृत्त गुना तहसीलदार रीडर इनके पंजाब नेशनल बैंक शाखा साडा कॉलोनी राघौगढ़ के खाते में किसी ने रू.1 जमा किया उन्होंने जैसे ही मोबाइल खोलकर बैंक अकाउंट देखा उनके बैंक खाते से पहली बार रुपए 9970, दूसरे बार 9999 कट गए।

उन्होंने तत्काल बैंक शाखा में जाकर अपना खाता ब्लॉक कराया। रुठियाई तहसील राघौगढ़ निवासी रविंद्र सिंह परिहार के पास फोन आया और बताया कि आपका बेटा पुलिस थाने में बैठा है उन्होंने कहा कि मेरा बेटा तो नौकरी पर है उधर से कहा आपका बेटा एक लड़की के साथ होटल में अनैतिक कार्य करते हुए पकड़ा गया है। अपने बेटे को बचाना है तो तत्काल तीन लाख रुपए खाते में डालो। उन्होंने अपनी पत्नी से कहा बेटे को फोन लगाओ। उन्होंने बेटे से पूछा कहां हो बेटे कहा कि मैं तो ऑफिस में हूं फिर उन्होंने जिनका फोन आया था बेटा का फोन कनेक्ट कर बात करवायी। बेटे ने उनसे भला बुरा कहा तब फोन काट दिया।एक सेवानिवृत अधिकारी जिनकी लड़की इंदौर में पढ़ती है घटना चार माह पुरानी है उनके पास फोन आया आपकी बेटी थाने में बैठी है अनैतिक स्थिति में होटल में पकड़ी है उन्होंने दूसरे नंबर से बेटी को फोन लगाया बेटी कॉलेज में थी फोन बंद था इस कारण बात नहीं हो सकी। जिनका फोन आया था उन्होंने कहा अपनी बेटी को बचाना चाहते हो तो तत्काल रू 6 लाख रुपए खाते में डालो घबराहट में उन्होंने तीन लाख रुपये खाते में भेज दिये ।फिर लड़की का फोन आया कि पापा जी फोन क्यों किया। तब उन्होंने सारी घटना बतायी। उनके साथ साइबर ठगी हो गई ।मैं स्वयं भी साइबर ठगी से होते-होते बचा फोन आया मेरे से कहा कि आपके मोबाइल नंबर की केवाईसी होना है मैंने उनसे कहा मेरा नंबर तो एयरटेल का है अब बी एस एन एल में केवाईसी क्यों हो रही है तो उधर से जवाब आया आपकी सिम पुरानी है पहले बी एस एन एल की थी ।इसलिए आपको 24 घंटे के अंदर केवाईसी करना आवश्यक है अन्यथा सिम बंद हो जाएगी ।मैंने उनसे पूछा कि मुझे क्या करना है उन्होंने कहा कि हम आपको एक प्रोफार्मा भेज रहे हैं उसमें हम जो जानकारी पूछे उनका आप मोबाइल चालू रखकर हमें जवाब देते जाएं। मैंने उनके कुछ प्रश्नों के उत्तर दिए थोड़ी देर बाद मेरी पौत्री 14 वर्षीय तन्वी जैन मेरे पास आई और बोली दादाजी मुझे ऐसा लग रहा है आप साइबर ठगी के शिकार होने वाले हैं। आप तत्काल इस नंबर को काट दें और इस नंबर को ब्लॉक कर दें। इस प्रकार में साइबर ठगी से बच पाया । साइबर ठगी की ही यह घटना मेरे मित्र श्री राघवेंद्र सिंह परिहार सेवानिवृत्ति कृषि अधिकारी राघौगढ़ ने मुझे बताया मैं ऑनलाइन दवाइयां मंगाता था। उनके लिए अपरिचित नंबर से फोन आया और कहा कि आप जिस कंपनी से दवाइयां ऑनलाइन मांगते हैं उस कंपनी ने ड्रा निकाला है ड्रा में आपके नाम कार निकली है आपको बधाईयां।परिहार जी ने उनसे पूछा मुझे क्या करना है उन्होंने कहा कार तो हम आपके लिए कोलकाता में डिलीवरी दे देंगे या फिर आप कहेंगे तो आपके निवास पर पहुंचा देंगे। आपको मात्र इतना करना है आप रजिस्ट्रेशन के पैसे हमारे खाते में डाल दो ।उन्होंने कहा मेरा भतीजा कोलकाता में ही सर्विस में है वह आपसे मिलेगा कहां मिलना है पता आप मुझे भेजिए दूसरी ओर से पता नहीं आया और वह साइबर ठगी से बच गये। पिछले माह एसिया



के बड़े उद्योग पति ओसवाल ग्रुप लुधियाना के मालिक की भारत की संभवतः अभी तक की सबसे बड़ी सायवर ठगी हुई। यह ठगी साढ़े सात करोड़ रुपये की थी। इस सायवर ठगी का समाचार देश के अनेक समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ। वर्तमान में साइबर ठगी की घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है आम भोले भाले नागरिक उनके जाल में फंसकर अपना नुकसान कर रहे हैं। मोबाइल एवं इंटरनेट का उपयोग करते समय हर व्यक्ति की जागरूकता आवश्यक है के वाई सी के झांसे में ना आए ओटीपी ना भेजें।

(लेखक वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं)

# जनसेवा समिति का एक प्रतिनिधि मण्डल, डी एस ओ से मिला।

संस्कार उजाला
**सलीम खान/आसिम अजीज**



**रामपुर ।** उत्तर प्रदेश जन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष वसीम उल हसन खान के नेत्रव में जन सेवा समिति के सदस्य जिला पूर्ति कार्यालय पहुंचे जहां पर डी ,एस,ओ मौजूद नहीं थे राशन कार्ड से संबंधित परेशानियों को लेकर आज जनसेवा समिति जिला पूर्ति कार्यालय पहुंचा था जन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष वसीम उल हसन खान ने बताया की बड़ी तादाद में राशन कार्ड से संबंधित समस्याओं को लेकर लोग हमारे पास आ रहे हैं लोगों का कहना हे की राशन कार्ड मैं अगर पांच लोगों के नाम है तो उसे राशन कार्ड में दो लोगों के नाम को काटा जा रहा है और जिनके नाम काट दिए गए हैं उनको दोबारा बढ़ाने के लिए पूर्ति कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं और उनके ना तो नाम जुड़ पा रहे हैं और ना अनाज मिल पा रहा है जिन गरीब लोगों ने नए राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किया है ना ही उनके राशन कार्ड बन पा रहे हैं ना मना किया जा रहा है और जो लोग पैसा दे रहे हैं उनके राशन कार्ड बना दिए जा रहे हैं इस सिलसिले में बहुत जल्द जिला पूर्ति अधिकारी से मिलकर इन समस्याओं को रखा जाएगा और राशन कार्ड से संबंधित जो भी दिक्कत और परेशानियां है उन लोगों को भी डी,एस,ओ से मिलवाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष वसीम उल हसन खान नगर अध्यक्ष हारिस शमसी जिला उपाध्यक्ष नजमी खान मीडिया प्रभारी इरफान उस्ताद वसी खा उज्जैर शम्सी शिबू खान उमेर अहमद शिराज शमसी आदि मौजूद थे

# जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न थानों पर किये गये सराहनीय कार्य ।

संस्कार उजाला
**विशेष संवाददाता मनोज पाठक इटावा**



थाना बसरेहर पुलिस द्वारा धारा 170 बीएनएसएस से संबंधित अभियुक्तगण
1. प्रदीप कुमार पुत्र श्याम बाबू निवासी जैतपुर तोताराम थाना बसरेहर इटावा
2. वेद प्रकाश पुत्र श्याम बाबू निवासी जैतपुर तोताराम थाना बसरेहर इटावा को गिरफ्तार किया गया ।

थाना बकेवर
थाना बकेवर पुलिस द्वारा धारा 170 बीएनएसएस से संबंधित अभियुक्तगण
1. विपिन महेश्वरी पुत्र स्व0 हरी महेश्वरी नि0 मातन मुहाल लखना थाना बेकवर जिला इटावा
2. सुनीत दोहरे पुत्र महेश दोहरे
3. सुनील दोहरे पुत्र महेश दोहरे
4. अनिल पुत्र अखिलेश कुमार निवासी गण रानी साहब बडा हाता लखना थाना बकेवर जनपद इटावा
5. राहुल सिंह पुत्र बाबूराम नि0 गांव नगला शाहवत खां थाना बकेवर जनपद इटावा
6. अनिल कुमार पुत्र स्व0 मोहब्बत सिंह नि0 नाला रोड लखना थाना बेकवर जनपद इटावा
7. अनुज पुत्र मोहर सिंह नि0 नगला ककरिया थाना बकेवर जनपद इटावा
8. शिवम सिंह चौहान पुत्र शिशुपाल नि0 ठाकुरान मुहाल थाना बकेवर जनपद इटावा
9. पुष्पेन्द्र पुत्र रामदुलारे नि0 नगला सावत थाना बकेवर जनपद इटावा
10. प्रदीप कुमार उर्फ कल्लू पुत्र देवेन्द्र कुमार
11. विजय कुमार उर्फ छोटू पुत्र देवेन्द्र कुमार समस्त निवासीगण मन्दिर महेवा थाना बकेवर जनपद इटावा को गिरफ्तार किया गया ।

थाना लवेदी थाना बकेवर पुलिस द्वारा धारा 170 बीएनएसएस से संबंधित अभियुक्तगण
1. जैनपाल पुत्र दिगम्बर सिंह निवासी ग्राम बहादुरपुर घार थाना लवेदी जनपद इटावा
2. गगन उर्फ अमन कुमार पुत्र कृष्ण गोपाल
3. देवकान्त उर्फ मोनू पुत्र कृष्ण गोपाल
4. उपेन्द्र सिंह उर्फ मांगे पुत्र अहिवरन सिंह
5. निवासी गण ग्राम नवादा खुर्द कलां थाना लवेदी जनपद इटावा
6. विनोद कुमार उर्फ बिल्ला पुत्र कल्यान सिंह निवासी ग्राम धर्मपुरा थाना लवेदी जनपद इटावा को गिरफ्तार किया गया ।

# जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला खनन अधिकारी ने राजस्व को पहुंचाया लाखों रूपयों का लाभ

**वाहनों पर नियमानुसार खनिज की रॉयल्टी व जुमार्ना लगाते हुए हुए 25 लाख 64 हजार राजस्व की प्राप्ति हुई: जिला खनन अधिकारी नीलू शर्मा**

संस्कार उजाला




**हापुड़।** जिलाधिकारी महोदया श्रीमती प्रेरणा शर्मा द्वारा दिये गये निदेर्शों के अनुपालन में जिला खनन अधिकारी, हापुड़ नीलू शर्मा द्वारा दिनाँक 16 अक्तूबर 2024 की रात्रि में 5 गाड़ी साधारण मिट्टी, साधारण बालू व गिट्टी का परिवहन करने वाले वाहनों को थाना धौलाना, हाफिजपुर व ऑनलाइन माध्यम से एम चेक एप के द्वारा सीज किया गया है। जिससे 1,87,000 राजस्व की प्राप्ति की गयी है। दिनांक 1 अप्रैल 2024 से दिनांक 16 अकतूबर तक अवैध खनन / परिवहन पर जांच के दौरान परिवहन प्रपत्र व ओवेरलोड में 60 वाहनों को एम चेक एप द्वारा ऑनलाइन व विभिन्न थानो में ऑफलाइन माध्यम से सीज किया गया है। उपरोक्त वाहनों पर नियमानुसार खनिज की रॉयल्टी व जुमार्ना लगाते हुए हुए 25 लाख 64 हजार राजस्व की प्राप्ति की गयी है। जिला खनन अधिकारी नीलू शर्मा ने बताया कि जनपद में अवैध खनन / परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण किए जाने के दृष्टिगत कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## संक्षिप्त डायरी

### जनपद में ओयो होटल बनाम अय्याशी के अड्डे खुले आम मुंह चिढ़ा रहे प्रशासन को

संस्कार उजाला
**रिपोर्टर भूपेंद्र वर्मा**

**हापुड़**/जनपद में बगैर सराय एक्ट लाइसेंस के कुकरमुत्ते की तरह पनपन रहे ओयो होटल बनाम अय्याशी के अड्डे प्रशासन को खुले आम चिढ़ा रहे मुंह। आपको बता दें कि जनपद में ओयो होटल की बाढ़ आई हुई है। हर एक किलोमीटर पर ओयो होटल स्थित है। जिनमें ₹500 से लेकर₹1000 में लड़कियां परोसी जा रही हैं। हालांकि प्रशासन के द्वारा गत वर्ष इन होटल पर छापा मारा अभियान चलाकर कार्यवाही की गई थी। उस दौर में यहां तक की ओयो होटल संचालकों ने अपने होटल से बोर्ड तक हटाकर गायब कर दिए थे। लेकिन बगैर सराय एक्ट के यह ओयो होटल जिले में फिर से कुकरमुत्ते की तरह पनप रहे हैं। यह ओयो होटल गरम गोश्त की तस्करी करने वाले तस्करों के लिए मुफीद साबित हो रहे हैं। और इस गोरख धंधे का सबसे ज्यादा असर युवा वर्ग पर पड़ रहा है। सूत्रों की माने तो 70 फीसदी मामले बलात्कार गैंगरेप से जुड़े हुए इन ओयो होटल से ही प्रकाश में आ रहे हैं। इस गोरख धंधे में होटल में आकर ठहरने वाले कपल्स की अश्लील वीडियो बनाकर होटल संचालकों के द्वारा कपल्स को ब्लैकमेल करने के साथ वसूली करने का भी गोरख धंधा खूब पनप रहा है। चार कमरे बनाओ ओयो होटल का बोर्ड लगाओ और रात को रात मालामाल हो जाओ।

### जिला अधिकारी को किसान दिवस पर बीकेयू अराजनैतिक जिला अध्यक्ष ने किसानो की निम्न समस्याओं से कराया अवगत

संस्कार उजाला
**जिला प्रभारी अमित शर्मा**




**हापुड़/** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर ने किसान दिवस पर जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा को किसानों की समस्याओं से अवगत कराते हुए निस्तारण कराने की उठाई मांग। जैसे की एनसीईआरटी की पुस्तकें सभी विद्यालयों में लगे स्मार्ट क्लास के नाम पर ठगी बंद हो प्रतिवर्ष ड्रेस ना बदली जाए, ट्रांसपोर्ट फीस 5 साल से पहले ना बढ़ाई जाए। देहात गांव में पुराने वाले कुएं बंद ना हो और उन्हें चिन्हित करके खुलवाया जाए। नहरी रजवाहे एवं माइनरो की सफाई सही ढंग से कराई जाए यह सफाई फरवरी में होनी चाहिए। सिंभावली मिल पर रेलवे क्रॉसिंग से जो सड़क ढहऊ से बनाई गई लेकिन साइडे खराब है। उसे ठीक कराई जाए क्योंकि गन्ने का सीजन चालू होने वाला है। क्षेत्र के किसानों को सोम खाद व मेली कम रेट पर दी जाए। हापुड़ तहसील अध्यक्ष मोनू त्यागी ने कहा अमीपुर नगोला में सिंचाई विभाग की जर्जर पुलिया जो अत्यधिक छोटी है उसको बनाया जाए। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राजवीर भाटी जिला संरक्षक कटार सिंह, सोमवीर हूण आदि उपस्थित रहे।

### बाइक हटाने को लेकर लुहारी गांव में दो पक्षों में मारपीट मामला दो समुदाय से जुड़ा होने के चलते गांव में पुलिस तैनात

संस्कार उजाला



**गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव लुहारी में बाइक हटाने को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट मामला दो समुदाय से जुदा होने के चलते गांव में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। जिसको लेकर गांव में शांति सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने को लेकर पुलिस तैनात की गई है। सूत्रों की मानें तो लुहारी गांव में लगभग 2 वर्ष पूर्व भी इसी तरह दो समुदाय के बीच बाइक से टक्कर लगने पर झगड़ा हो गया था। जिसमें एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई थी। वही इस मामले को लेकर घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ गांव में पहुंचे। और घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए। कई लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है।

### पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच असदुद्दीन ओवैसी गवाही देने के लिए हापुड़ न्यायालय में हुए उपस्थित

संस्कार उजाला



एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी सांसद पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हापुड़ न्यायालय में गवाही देने के लिए हुए उपस्थित। न्यायालय में असदुद्दीन ओवैसी के रहने के दौरान चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस की पैनी नजर। आपको बता दें कि 3 फरवरी 2022 को किठौर मेरठ क्षेत्र से चुनाव प्रचार कर वापस दिल्ली लौट रहे एआई एमआई एम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी का काफिला जैसे ही छिजारसी टोल प्लाजा पर पहुंचा। तभी दो बाइक सवार युवकों के द्वारा उन पर फायरिंग की गई थी। जिसमें फायरिंग करने वाले सचिन,शुभम निवासी बादलपुर नोएडा के विरुद्ध पिलखुवा कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। जिसकी जिला न्यायालय में सुनवाई के चलते गवाही देने के लिए 16 अक्टूबर को ओवैसी पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिला न्यायालय में उपस्थित हुए। लेकिन गवाही पूर्ण नहीं होने के चलते उन्हें फिर से बृहस्पतिवार को न्यायालय में उपस्थित होना पड़ेगा। इस अवसर पर उनकी सुरक्षा व्यवस्था में भारी पुलिस बल के साथ सीओ सिटी जितेंद्र शर्मा,सीओ पिलखुवा अनीता चौहान, सीओ स्तुति सिंह कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह ,बाबूगढ थाना प्रभारी विजय गुप्ता उपस्थित रहे।

# शिकायतकताओं की शिकायत का जल्द से जल्द किया जाएं निस्तारण: जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा

संस्कार उजाला



**हापुड़।** कलेक्ट्रेट हापुड़, जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष पर जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा द्वारा प्रतिदिन की तरह अपने नियत समय सुबह 10:00 बजे से अपराह्न तक जन शिकायतें सुनी गई। जन सुनवाई के दौरान आज जिलाधिकारी महोदय को राजस्व, नगर पालिका, पुलिस विभाग, विकास विभाग सम्बंधित 15 शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान शिकायतकताओं द्वारा आय, जाति प्रमाण पत्र, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, किसान सम्मान निधि, कालोनियों में साफ–सफाई व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था बाधित होने, पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज ना करना, आपसी लड़ाई–झगड़ा, गृह कलेश से सम्बंधित शिकायतों से जिलाधिकारी महोदया को अवगत कराया गया। इस दौरान कार्यालय पर जनसुनवाई हेतु शिकायतकताओं की भीड़ लगी रही। जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने शिकायत सुनते हुए क्रमवार सभी शिकायतकताओं को आश्वासन दिया कि शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जायेगा। जिलाधिकारी महोदया ने शिकायतों से सम्बंधित अधिकारियों को शिकायत प्रेषित करते हुए निर्देशित किया कि शिकायत का निस्तारण समयान्तराल में पूर्ण गुणवत्ता से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी पात्र लाभार्थी को उसको मिलने वाली योजनाओं के लाभ से वंचित ना रखा जाएं। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निदेर्शानुसार एवं मंशानुरूप जनता की सेवा करना हमारा प्रथम कर्त्तव्य हैं। अत: पद की गरिमा को समझते हुए अपने कार्यों का पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करें।

## अग्निशमन विभाग की कार्यवाही से फैक्ट्री संचालकों में मचा हड़कंप बगैर रजिस्ट्रेशन के चल रही 75 फैक्ट्री को नोटिस किया जारी

संस्कार उजाला



**हापुड़**/जनपद के अग्निशमन विभाग के द्वारा बगैर फायर एनओसी रजिस्ट्रेशन के पिलखुवा क्षेत्र में चल रही फैक्ट्री पर अग्निशमन विभाग द्वारा की गई कार्यवाही से मचा हड़कंप। बता दे की निक विभाग में बगैर रजिस्ट्रेशन कारण फायर एनओसी के पिलखुवा क्षेत्र में संचालित हो रही 75 फैक्ट्री को अग्निशमन विभाग ने 15 दिन का समय देकर नोटिस जारी कर चेतावनी दी है। यदि 15 दिन के अंदर अग्निशमन विभाग की फायर एनओसी मनको की पूर्ति नहीं की जाती है तो उन फैक्ट्रीयों पर सीलिंग करने की कार्यवाही की जाएगी।

## ग्राम पंचायत में जन चौपाल आयोजित कर सुनी जाएगी जनसमस्याए

संस्कार उजाला



**शाहजहांपुर/** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्रत्येक बृहस्पतिवार को ग्राम पंचायतों में एक जन-चौपाल का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये गये है। आज दिनांक 17.10.2024 को जनपद की ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन सांयकाल 04.00 बजे से 6:00 बजे तक किया जाएगा। ग्राम चौपाल में जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराया जाएगा।

## शरद पूर्णिमा के उपलक्ष में भगवंतापुर प्राचीन शिव मंदिर में कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन हुआ

संस्कार उजाला
**संवाददाता विनोद यादव**



बंडा ब्लॉक क्षेत्र के गांव भगवंतापुर में शरद पूर्णिमा के उपलक्ष में प्राचीन शिव मंदिर में कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का अयोजन हर बर्ष की भांति इस वर्ष भी पुजारी डीपी मिश्रा जी के द्वारा किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर संत मौनी बाबा जी महाराज मुख्य रूप से भंडारे में शामिल हुए। और प्रधान पति सुरेन्द्र कुमार ने बताया मंदिर के पुजारी डीपी मिश्रा जी की तरफ से कन्या भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। संत समाज सहित सभी लोगों का आभार जताया। इस दौरान मंदिर के पुजारी डीपी मिश्रा , राममूर्ति राज उर्फ गुड्डू, पूर्व प्रधान अध्यापक संजीव शर्मा, सोनू गुप्ता, कोटेदार लाल बहादुर, डॉ रामविलास, आदि सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# 16 घंटे तक होम अरेस्ट रहे हिंदू युवा संगठन उ.प्र. के प्रदेशाध्यक्ष

**मंगलवार दोपहर ढाई बजे के करीब मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा, पुलिस ने किया रिहा**

संस्कार उजाला



**खुटार।** हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ के संस्थापक/प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र के द्वारा बहराइच दंगे मे मारे गए रामगोपाल मिश्र के परिवार से मिलने के लिए मंगलवार सुबह जाने की बात कहने पर सोमवार रात को ही थानाध्यक्ष राजेंद्र कुमार रावत ने दरोगा गौरव कुमार के साथ मिलकर संगठन के संस्थापक/प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र, प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद पटेल, संगठन मंत्री कमल दीक्षित, विधि सलाहकार निर्भय मिश्र, सह कोषाध्यक्ष शोभित तिवारी, प्रदेश मंत्री अजय बाजपेई को नजरबंद कर उन सभी को उनके घरो में होम अरेस्ट कर दिया। इसके साथ ही घर पर पुलिस भी तैनात कर दी गई। मंगलवार दोपहर तक पुलिस और हिंदू युवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष के चली वार्ता के बाद दोपहर ढाई बजे के करीब भारी पुलिस फोर्स के बीच प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ता मुख्य बंडा चौराहा खुटार पहुंचे और घटना की घोर निंदा करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अमित कुमार को सौंपा। जिसमे दंगे मे मारे गए रामगोपाल मिश्र के हत्यारोपियो का एनकाउंटर करने, उनके मकान, दुकानों पर बुलडोजर चलाने परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, पांच करोड़ का मुआवजा देने के साथ ही प्रदेश की सभी मस्जिदों, मदरसों पर तलाशी अभियान चलाने की मांग की गई। जिस पर नायब तहसीलदार ने ज्ञापन को मुख्यमंत्री को भिजवाने का भरोसा दिया। जिस पर सभी शांत हो गए और बहराइच जाने से मना कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने उन्हे रिहा कर दिया गया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र, साहिल गर्ग, कमल दीक्षित, आनंद पटेल, अजय बाजपेई, , अविनाश दीक्षित, राजू गुप्ता, शोभित तिवारी, शशिकांत अर्कवंशी, नितिन कुमार, राहुल वाजपेई, चंचल दीक्षित, विकास शुक्ला, शिवम कटियार, संगम दीक्षित, सूरज मिश्र, शिवम कुमार आदि मौजूद रहे।

# वुजुर्ग को आवारा सांड ने पटक पटक कर मार डाला

**आवारा पशुओं का आतंक लगातार क्षेत्र में बना हुआ है**





संस्कार उजाला
**बंडा/शाहजहांपुर:-**
बंडा क्षेत्र के गांव पिपरा जप्ती में आवारा सांड़ ने बुजुर्ग को पटक पटक कर मार डाला बताते चलें कि गांव पिपरा जप्ती में अचानक सांड के हमले से बुजुर्ग की मौके पर मौत हो गई। तो वही हमले से चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले से गांव में अपरा तफरी मच गई सांड के आतंक से लोगों ने अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी एसडीएम थाना अध्यक्ष बंडा सोनी शुक्ला एवं वन दरोगा मौके पर पहुंचे तत्पश्चात जेसीबी मशीन मंगाई गयी इसी दौरान सांड को पकड़ते समय एक व्यक्ति जख्मी हो गया। 60 वर्षीय ओमप्रकाश सुबह शौच करने के लिए जा रहे थे कि रास्ते में सांड ने उन पर हमला कर दिया हमला करने पर साड़ ने ओमप्रकाश को सिंगो में फंसा कर पटक पटक कर मार डाला इसके बाद गांव के ही 70 रामचंद्र को घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक दिन पहले 42 वर्षीय सुरेंद्र और 35 वर्षीय अशोक को भी इसी सांड ने पटक कर घायल कर दिया था। यह दोनों लोग अपने दरवाजे पर खड़े थे। ईसी सांड ने 17 वर्षीय अंशुल शर्मा पुत्र पप्पू को भी अपने सिंघों में फंसाकर घायल कर दिया। सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष सोनी शुक्ला में फोर्स के साथ मौके पर पहुंची और मौका मोयना किया। तमाम जानकारी के लिए थाना अध्यक्ष बड़ा सोनी शुक्ला से जानकारी करनी चाहि लेकिन फोन नहीं उठा रही थी।

# विधायक मेतराम ने सैदापुर में पंमायत भवन के लिए भूमि का किया पूजन

संस्कार उजाला
**बंडा (शाहजहाँपुर )**



बड़ा विकासखंड बंडा के ग्राम सैदापुर में पुवायां विधायक चेतराम ने ग्राम वासियों की सुविधा को देखते हुए सरकार द्वारा स्वीकृत पंचायत सचिवालय के लिए भूमि का विधि विधान से हवन पूजन किया तथा ग्राम वासियों से उनकी समस्याओं को सुना। विधायक ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में ग्राम वासियों को बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों और वंचितों के लिए ही है हमारी सरकार पूरी तरीके से आम जनमानस का जीवन स्तर सुधारने का पूरा प्रयास कर रही है। आज बिजली पानी सड़क सभी मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों को उपलब्ध है। शुद्ध पेयजल के लिए भाजपा सरकार ने हर घर जल योजना चलाई है जिससे हर गरीब के घर शुद्ध पानी पीने की व्यवस्था उपलब्ध होगी पिछली सरकार तो केवल वादे ही किया करती थी। आज गांव-गांव हर ग्राम पंचायत में पंचायत भवन बना रहे हैं यहां से सभी ग्राम वासियों को सारी सुविधा उपलब्ध होगी। उन्हें ब्लॉक मुख्यालय के दौड़कर चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे गांव में ही सारी ऑनलाइन सुविधाएं उपलब्ध होगी। हर ग्राम पंचायत डिजिटल होगी इससे सभी को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित रहे ब्लॉक प्रमुख डॉ ओमप्रकाश, खंड विकास अधिकारी, मंडल अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा, थाना अध्यक्ष सोनी शुक्ला , प्रधान अर्जुन यादव प्रधान जीतेन्द्र, प्रधान फतेहचन्द्र वर्मा, प्रधान राम भजन वर्मा प्रधान परमजीत सिंह, प्रधान नीरज पासवान , प्रकाश चंद्र वर्मा , प्रधान राजेश यादव, प्रधान सत्यपाल, प्रधान हरिराम , प्रधान शैलेन्द्र सिंह, प्रधान सुरेन्द्र पासवान, प्रधान ब्राह्मजीत, प्रधान तेजराम, प्रधान जगदीश, प्रधान कमलेश, प्रधान संजीव पटेल, महेश योगी , संजय अवस्थी, गिरजा शंकर यादव , सत्यवीर , श्रीराम , सरदार बलविन्द्र सिंह, राजवीर जी, भगत सिंह, देव करण, राजपाल, रजनीश यादव, अनुराग यादव , लालाराम, राजीव गंगवार सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# पेड़ जीवन का आधार हैं। एक पेड़ न केवल पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाता है, । माहे आलम

संस्कार उजाला
**रिपोर्टर सलीम खान/आसिम अजीज**




**रामपुर।** नेहरू युवा केंद्र, रामपुर के तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी श्री माहे आलम के मार्गदर्शन में ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के अंतर्गत विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और हरित रामपुर का निर्माण करना है। कार्यक्रम में स्वयं जिला युवा अधिकारी माहे आलम ने स्वयं पेड़ लगाकर अभियान की शुरूआत की और युवाओं को पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर माहे आलम ने कहा, ह्लपेड़ जीवन का आधार हैं। एक पेड़ न केवल पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाता है, बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान माताओं के प्रति सम्मान का प्रतीक है, क्योंकि मां की तरह पेड़ भी हमें सुरक्षा, छाया और जीवन देते हैं। कार्यक्रम में कई स्वयंसेवकों ने भाग लिया और विभिन्न स्थानों पर पेड़ लगाए। अभियान के दौरान, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों ने रामपुर के सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को भी वृक्ष वितरण किया, ताकि अधिक से अधिक लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया जा सके। इसके अलावा, युवाओं ने आसपास के गांवों में जाकर भी पेड़ वितरित किए और वहां के निवासियों को वृक्षारोपण के महत्व के बारे में बताया। नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों ने ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के माध्यम से हरित रामपुर की दिशा में सार्थक कदम उठाए हैं। युवाओं के उत्साह और प्रतिबद्धता से यह अभियान अत्यधिक सफल रहा। कार्यक्रम एवं लेखा सहायक शांति भूषण पांडे ने भी अधिक से अधिक लोगों से पेड़ लगाने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील की। नेहरू युवा केंद्र, रामपुर के नेतृत्व में इस तरह के अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे, ताकि पर्यावरण की सुरक्षा और संवर्धन के साथ-साथ समाज में जागरूकता का संचार हो सके। श्री माहे आलम ने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी स्वयंसेवकों और स्थानीय नागरिकों का धन्यवाद दिया और कहा कि हमें अपने समाज को हरा-भरा और स्वस्थ रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। इस अवसर पर शुभम सागर ,संजीव ,रिंकेश आदि मौजूद रहे

संस्कार उजाला
सच की हुंकार

संस्कार उजाला समाचार एवं विज्ञापन संपर्क करें जिला प्रभारी अमित शर्मा 8445987618 ,भूपेंद्र वर्मा संवाददाता 9756144404

# बेहट विधायक उमर अली खान बने पंचायती राज समिति के सदस्य

**रविन्द्र पंवार,प्रदीप बालियान, अरुण गुप्ता आदि उपस्थित रहे।**

संस्कार उजाला ब्यूरो

**सहारनपुर।** बेहट से समाजवादी पार्टी के विधायक उमर अली खान को विधानसभा की पंचायती राज समिति का सदस्य बनाया गया है। विधायक उमर अली खान ने समिति का सदस्य बनवाए जाने पर पार्टी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का आभार जताया है, उधर क्षेत्रीय विधायक को विधानसभा की पंचायती राज समिति का सदस्य बनाए जाने पर समर्थकों और पार्टी कार्यकताओं में भी खुशी की लहर है। दरअसल, बुधवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में बेहट से सपा विधायक उमर अली खान को पंचायती राज समिति का सदस्य बनाया गया है। गौरतलब है कि उमर अली खान को उनकी साफ सुथरी छवि और सपा में उनकी कर्मठ निष्ठा को देखते हुवे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी काफी तवज्जो देते हैं और महत्वपूर्ण समितियों में शामिल रखते हैं। उमर अली खान ने इस महत्वपूर्ण समिति का सदस्य बनाये जाने पर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि वो पूरी कोशिश करेंगे कि पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव की कसौटी पर हमेशा खरा उतरें। सहारनपुर में भी उमर अली खान के समर्थकों और सपा कार्यकताओं में उनके महत्वपूर्ण समिति का सदस्य बनाये जाने पर खुशी का माहौल है। सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष महजबी खान, बेहट विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष रागिब अली, विधायक प्रतिनिधि फैजान फैज, फरहान खान, जकरिया मलिक, बेहट नगर अध्यक्ष अजीम मलिक, हारून खान ने भी खुशी जताई है।




# ऑनलाईन आवेदनों के लिए शासन से नियुक्त अधिकारियों द्वारा जन सूचना एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**नियमावली में निहित प्राविधानों का किया जाए शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित**

**पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बढाने के लिए ऑफलाईन के साथ-साथ ऑनलाइन व्यवस्था भी लागू**

संस्कार उजाला

**सहारनपुर** /अपर आयुक्त प्रशासन सुरेन्द्र राम की अध्यक्षता एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के डॉ. राहुल सिंह, स्टेट रिसोर्स पर्सन, आरटीआई, श्री राजा राम, सेवा निवृत्त, आई0ए0एस0, स्टेट रिसोर्स पर्सन (आरटीआई) वी. के. गंगवार, मुख्य निरीक्षक, राजकीय कार्यालय, उत्तर प्रदेश की उपस्थिति में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 तथा उत्तर प्रदेश जनहित गारंटी अधिनियम 2011, उ0प्र0 सूचना का अधिकार नियमावली 2015 के मुख्य प्राविधानों के संबंध में सहारनपुर मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, जन सूचना अधिकारियों, प्रथम अपीलीय अधिकारियों को आवेदनों एवं प्रथम अपीलों को ऑनलाईन प्राप्त किए जाने हेतु वेब पोर्टल के समुचित क्रियान्वयन के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों को निर्देश दिए गये कि सूचना के निस्तारण में अधिनियम की धारा व उ0प्र0 सूचना का अधिकार अधिनियम नियमावली में निहित प्राविधानों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। स्टेट टीम हैड आरटीआई ऑनलाइन डॉ. राहुल सिंह द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि राज्य में आईटीआई ऑनलाइन व्यवस्था लागू है जिसका लाभ जनता द्वारा लिया जा सकता है। पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बढाने के लिए ऑफलाईन के साथ-साथ ऑनलाइन व्यवस्था भी लागू की गयी है। जनहित गारण्टी अधिनियम 2011 के तहत जनता को सेवा का अधिकार भी प्राप्त हो गया है जिसके अन्तर्गत 421 सेवाएं अन्तर्निहित है। इन सेवाओं को शासन की मंशा के अनुसार निश्चित समयबद्धता के साथ क्रियान्वित किया जाना है। वी.के. गंगवार ने जनहित गारण्टी अधिनियम के बारे में बताया कि सेवा देर में देने अथवा जानबूझकर की स्थिति में सेवा देने हेतु पदाभिहित अधिकारी पर अर्थदण्ड अधिरोपित किए जाने की व्यवस्था है। इसके साथ ही संबंधित अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की भी संस्तुति की जा सकती है। जनहित गारण्टी अधिनियम के अनुश्रवण एवं समीक्षा हेतु राज्य स्तर पर राजकीय कार्यालय निरीक्षणालय (प्रशासनिक सुधार विभाग) उ0प्र0 प्रयागराज के मुख्य निरीक्षक एवं उप मुख्य निरीक्षक को अधिकृत किया गया है। सहारनपुर मण्डल के लिए कुलदीप भारद्वाज निरीक्षक राजकीय कार्यालय (मण्डलीय अधिकारी) को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुलदीप भारद्वाज, निरीक्षक, राजकीय कार्यालय, सहारनपुर मंडल, सहारनपुर सहित तीनों जनपदों के मंडलीय एवं जनपद स्तरीय अधिकारीगण, तहसीलदार उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त डायरी

### राकेश सोलंकी अध्यक्ष एवं सुशील कुमार सचिव पद पर जीते

संस्कार उजाला

**नकुड़/**सहारनपुर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा नकुड़ के चुनाव में राकेश सोलंकी को अध्यक्ष जबकि सुशील कुमार को सचिव निर्वाचित किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य पदों पर हुए चुनाव में भी राकेश सोलंकी घुटने ही बाजी मारी। मंगलवार को नकुड तहसील में लेखपाल उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा नकुड़ का चुनाव संपन्न हुआ इस चुनाव में राकेश सोलंकी ने अध्यक्ष पद पर जबकि सुशील कुमार ने सचिव पद पर जीत दर्ज की इसके अतिरिक्त वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सूरज कुमार,कनिष्ठ उपाध्यक्ष अंकुर शर्मा,उप सचिव मीनू पांचाल, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार प्रथम एवं लेखानिरीक्षक हसन फराज निर्वाचित किया गया। सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई सभी ने कहा कि वह अपने दायित्वों का निर्वहन संघ की रीति नीति के अनुसार करते हुए संघ को और मजबूत करेंगे।



### स्कूल वैन में साइड मारते हुए अनियंत्रित हो पलटा खनन से भरा डंपर। बड़ा हादसा होने से बाल बाल बचा।

संस्कार उजाला संवाददाता

**सहारनपुर** स्कूल वैन में सवार सभी बच्चे सुरक्षित थाना सरसावा प्रभारी नरेंद्र कुमार शर्मा ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच स्कूली बच्चों को उनके घर भिजवाए गए। बता दे कि मामला शाहजहांपुर नकुड मार्ग पर ग्राम झरौली गांव से स्कूली वैन बच्चों को लेकर गांव से बाहर निकली तो सड़क पर दौड़ता खनन से भरा एक डंपर वैन को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो पलट गया। हालांकि डंपर की साइड लगने से वैन भी हल्की क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने हाइड्रा मशीन की मदद से सड़क से डंपर हटवाया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से स्कूल समय एवं स्कूल छुट्टी के समय इस मार्ग पर खनन वाहनों समेत भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की गई। वही लोगो का कहना है कि कुछ स्कूल संचालक मासूमों की जान से खिलवाड़ करते हुए संख्या से अधिक बच्चों को ले जाते है।जिससे हादसों का खतरा मंडराता रहता है। लोगो ने ऐसे स्कूल वैन एवं संचालकों पर कार्यवाही कार्यवाही किए जाने की मांग की गई।



### गांव की सड़क हुई गड्डो मे तब्दील सड़को की हालत खस्ता हाल

संस्कार उजाला /संवाददाता

**सहारनपुर** /गंगोह एक तरफ प्रदेश सरकार अपनी उपलब्धियों का च्ढीढोरा पीट रही है। वहीं दूसरी तरफ अगर ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर नजर डाली जाए तो यह खस्ता हालत सड़कें सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यो की पोल खोल रही हैं। कस्बा गंगोह के लखनौती क्षेत्र के आसपास की सड़कों की हालत की जमीनी हकीकत देखकर नही लगता कि यहां किसी भी प्रकार का कोई विकास कार्य हुआ हो। वैसे तो ब्लॉक के किसी भी क्षेत्र की सड़कों की हालत पर नजर डाली जाए तो यहां सड़क कम गड्ढ़े ज्यादा दिखाई दें रहे हैं। गांवों में करीब कई वर्षो से सड़को की हालत दयनीय बनी हुई है। अभी तक प्रशासन ने इन मार्गों का सुधार शुरू नहीं कराया। इन मार्गों से गुजरने में लोगों को काफी परेशानी हो रही है। वही मामला ब्लॉक के गांव बुड्ढाखेड़ा के मुख्य मार्ग की हालात खस्ता हाल हो गयी है। ग्रामीणों मे अनीता देवी, रमन सिंह, विशाल, सोहन, राजू, नित्या, सुशीला, विभा, मामचंद आदि ने बताया कि हमारे क्षेत्र की सड़क की हालत कुछ दिन पूर्व हुई बारिश में इतनी खराब हो गई है कि सड़क में गड्ढे हो गए हैं। इस रास्ते से पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है। सड़क से बाइक निकालते समय काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम मे सड़क पर हमेशा कीचड़ फैली रहती है जगह-जगह बड़े .बड़े गड्ढे हो रहे हैं, जिसमें पानी भर जाता है। दिन में तो गड्ढों से बचकर निकल जाते हैं, लेकिन रात के अंधेरे में सबसे ज्यादा परेशानी होती है। सड़क की हालत को देखकर बाइक चालक गड्ढों में गिरने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों है। प्रशासन से मांग की है कि उनके क्षेत्र की सड़क की मरम्मत जल्द से जल्द कराई जाए, जिससे कि उन्हें रास्ते से गुजरने में आसानी हो।



### भाजपाइयों के सहयोग से ही संभव हुई विनय कुमार की जीत: बिजेंद्र चौधरी

संस्कार उजाला /संवाददाता

**सहारनपुर** /तल्हेडी बुजुर्ग भाजपा के पूर्व ब्लाक प्रमुख व जिला पंचायत प्रतिनिधि और अन्य भाजपाई कार्यकताओं ने गन्ना समिति चुनाव में चौधरी विनय कुमार को निर्विरोध जीत दिलाने में एकजुटता दिखाई। पत्रकारों से रूबरू होते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बिजेंद्र चौधरी ने कहा कि नागल सीट पर सुषमा पत्नी चौधरी विनय कुमार व बबली पत्नी संजय कुमार (कुकावी) प्रत्याशी थे। विनय कुमार ने अपनी जीत सुनिश्चित करने को भाजपाइयों से गुहार लगाई थी कि इस बार उन्हें निर्विरोध निर्वाचित होने दें। जिस पर कुकावी में संजय चौधरी के आवास पर हुई बैठक में क्षेत्र के सम्मानित लोगों की मौजूदगी में बबली पत्नी संजय चौधरी ने अपना नामांकन वापस लेने पर सहमति जताई। जिस कारण सुषमा देवी का निर्विरोध निर्वाचन संभव हो सका।इस दौरान कुकावी निवासी संजय चौधरी ने कहा कि समाज के सम्मानित लोगों के आग्रह पर व जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी के निर्देश पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख बिजेंद्र चौधरी, भाजपा नेता मानसिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष हरीश त्यागी आदि भाजपाईयों की सहमति के बाद ही नामांकन वापस लिया गया है। उन्होंने बताया कि कुछ लोग मुझे बदनाम करने की नीयत से भ्रामक प्रचार कर रहे हैं, जो गलत है। उधर विनय कुमार का कहना है कि निर्विरोध चुनाव जीत दर्ज करने में सर्व समाज के लोगों का सहयोग प्राप्त हुआ है। कुकावी में संजय चौधरी के आवास पर आयोजित बैठक में नागल समिति अध्यक्ष मानसिंह सैनी, प्रधान शीशपाल सिंह, भाजपा ब्लाक अध्यक्ष हरीश त्यागी, पपिन चौधरी, संजय चौधरी, अमित मुखिया, मास्टर राजकुमार, चौधरी हरपाल सिंह, सुनील चौधरी, प्रदीप सहित तीन दर्जन से अधिक लोग शामिल रहे।



## संक्षिप्त डायरी

### श्रीगुरु रविदास मंदिर पर की कलश की स्थापना

संस्कार उजाला संवाददाता

**सहारनपुर** / चिलकाना सुल्तानपुर चिलकाना क्षेत्र के ग्राम दुमझेड़ा में निमार्णाधीन श्रीगुरु रविदास मंदिर पर बुधवार को कलश की स्थापना की गई । कलश स्थापना से पूर्व गांव में कलश यात्रा निकाली गई जिसमें अनेकों महिलाओं ने कलश सिर पर रखकर गांव की परिक्रमा की गई। कलश यात्रा में मुख्यातिथि भारतीय शिक्षा चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक व वरिष्ठ समाजसेवी जयराम गौतम ने मन्दिर के लिए कलश भेंट किया और कहा कि सभी सतगुरु रविदास जी के जीवन से सिख लेकर उनके बताए मार्ग पर चलकर अपने परिवार, गांव और समाज का नाम रोशन करें। कलश यात्रा नए श्रीगुरु रविदास मंदिर से प्रारम्भ होकर शाहजहांपुर रोड पुराने श्रीगुरु रविदास मंदिर पर पहुँची व वहीं से वापस होकर मन्दिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। इस बीच सुरक्षा के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। इस अवसर पर युवा समाज सेवी आकाश काशी, प्रिंस, सुमित, सुनील, मुकेश, पंकज, ललित, आशीष, अभिषेक, अमित , बिजेंद्र सिंह, मा0 खुशिदत्त, डॉ सतपाल, हरिदास, प्रवेश, पहल सिंह, नितेश, डॉ कालूराम, पुन्नूराम आदि सैंकड़ो की संख्या ग्रामीण कलश यात्रा में शामिल हुए।



### अभिशाप दहेज प्रथा एक सामाजिक कलंक

संस्कार उजाला

**बड़गांव,सहारनपुर ।**

**सुरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा** समाज मे वर्तमान समय में दहेज जैसी कुप्रथाए प्रचलित है । यह प्रथा एक ऐसा अभिशाप बन गई हैं, जो निरंतर अपना विकराल रूप धारण करती जा रही है तथा प्रतिदिन अनेक युवतियां इस दहेज की बलि- वेदी पर अपना बलिदान देने को विवश हो रही है। इस दहेज रूपी भयंकर कोढ़ का हमने समय रहते हुए उपचार न किया तो यह हमारे समाज के नैतिक मूल्यों को नष्ट कर देगा और मानवता खत्म हो जाएगी तथा मानवीय मूल्य समाप्त हो जायेंगे । प्राचीन काल में भी दहेज प्रथा प्रचलित थी। किन्तु तब की स्थिति दूसरी थी। तब वह स्वेच्छा से दिया जाने वाला स्त्री-धन था, जो कन्या को उपहार में मिलता था। शादी करके युवक अपनी नई गृहस्थी बसाते थे। वे अपने गृहस्थ जीवन का सरलता से संचालन कर सके। अत: उन्हें आवश्यक वस्तुएं भी उपहार मे दी जाती थी। आज के समय में इसका रूप बदल गया है। विवाह के बाजार मे वर की नीलामी हो रही है और बकायदा उसके रेट लगाए जा रहे है। कन्या का पिता लाचार होकर वर की कीमत चुकता है। यदि वह दहेज देने से इंकार करता है तो उसकी कन्या के साथ पाणिग्रहण संस्कार कराने को कोई भी तैयार नहीं होता है। उस समय एक लाचार पिता को हीन भावना की नजर से देखा जाता है क्योंकि वह अपनी जवान कन्या का समय पर विवाह नहीं कर पाता है ।लाचार बाप विवाह के बाजार में मुंहमांगी कीमत देकर अपनी कन्या के हाथ पीले कर देता है। स्वेच्छा से उपहार देना कोई सामाजिक बुराई नहीं है। लेकिन कुछ दहेज के भूखे भेड़ियों के द्वारा दुबारा दुल्हन को या उसके पिता को विवश किया जाता है। वर पक्ष के लोग धन वसूलने के तरह तरह के नए नए हथकंडे अपनाते हैं। कन्या पक्ष के द्वारा जब वर पक्ष की मांगे पूरी करने में असमर्थता जताई जाती है तो उनकी पुत्री का शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करना शुरू कर दिया जाता है। उसे घर से मारपीट कर निकाल दिया जाता है। वैवाहिक संबंध तोड़ने की धमकी दी जाती है। कभी कभी तो दर्दनाक यातनाएं देकर उसकी हत्या तक कर दी जाती है। आज दहेज की बलि-वेदी पर प्राण न्यौछावर करने वाली ऐसी अभागिनों की संख्या निरंतर बढ़ रही हैं। नव विवाहिताएं लाचार होकर या तो आत्महत्या कर लेती या उसे मिट्टी का तेल छिड़कर आग के हवाले कर दिया जाता है। विवाह पहले भी होते थे। किन्तु ऐसी घटनाए कभी कहीं सुनने में आती थी। इस दहेज प्रथा ने समाज मे अनेक बुराइयों दिया है। भ्रष्टाचार, कालाबाजारी , तस्करी, रिश्वतखोरी, बेईमानी जैसी प्रवृत्तियों को विकसित करने में दहेज-प्रथा का विशेष योगदान है। कोई भी नौकरी-पैसा व्यक्ति ईमानदारी से जीवन-यापन करते हुए लाखों रुपए कन्या के विवाह में नहीं लगा सकता है। अत: उसे बेईमानी और रिश्वतखोरी के लिए विवश होना पड़ता है। भारत सरकार ने दहेज विरोधी कानून बनाया है। जिसके प्रावधानों के अनुसार दहेज लेना और दहेज देना दोनों ही दण्डनीय अपराध है। अपराधी पर भारतीय अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज होगा और दोषी पाए जाने पर कम से कम छह माह और अधिक से अधिक दो वर्ष की कैद तथा दस हजार रुपए का जुमाना देने का प्रावधान है। इस तरह दहेज एक अभिशाप बन जाता है।




# महंगाई ने बिगाड़ा रसोई का बजट, आसमान पर सब्जियों दाम

**सब्जियों के बढ़ते दाम से आम आदमी की रसोई का बजट गड़बड़ाया**

संस्कार उजाला

**सहारनपुर।** गंगोह मे सब्जियों के बढ़ते दाम से आम आदमी की रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। टमाटर सहित अन्य सब्जियों की कीमत में हुई वृद्धि से लोगों की थाली से सब्जी गायब होने लगी है। व्यापारियों का मानना है कि बारिश के चलते सब्जी की फसल बर्बाद हुई है। इसी वजह से कीमतों में तेजी आई है। वही शाकाहारी थाली की बढ़ती कीमतों के पीछे टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में क्रमश: 30 प्रतिशत, 46 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गंगोह क्षेत्र मे एक बार फिर से हरी सब्जियों के दामों में आई तेजी ने आम लोगों का रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। जहाँ स्थानीय बाजारों में एक सप्ताह पहले तक टमाटर 35 से 40 रुपये तक बिक रहे थे। वही आज के समय मे इनके दाम डबल हो गए हैं। वहीं अन्य हरी सब्जियों के दामों में भी भारी उछाल आया है। स्थानीय वकील दुकानदार सब्जियों के दामों में उछाल का कारण हो रही बरसात बता रहे है। सब्जियों में सबसे ज्यादा प्रयोग होने वाला टमाटर और आलू के दाम भी आसमान छू रहे है। वहीं सलाद में प्रयोग होने वाला खीरा भी 40 प्रतिशत तक महंगा हुआ है। भिंडी, तोरी, प्याज, बैंगन व शिमला बस मिर्च में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। शिमला मिर्च के दाम एक सप्ताह में ही 20 रुपये से 60 रुपये पर पहुंच गए है। बाजार में सब्जी खरीदने आई सुशीला देवी का कहना है कि सब्जियों में महंगाई से रसोई का बजट बिगड़ गया है। वही विशाल रोहन क्षेत्र मे रहने वालो का कहना है कि गरीबों की सब्जी आलू व टमाटर है, इनके भी दाम काफी बढ़ गए है। अब तो गरीबों की चटनी से ही रोटी खाकर काम चलाना पड़ेगा। सुशीला देवी, बाला देवी का कहना है कि पहले वह टमाटर एक किलो खरीदा करती थी। लेकिन दाम बढ़ने से अब तो एक पाव से ही काम चलाना पड़ रहा है। सब्जियों के दामों में आए उछाल का कारण बारिश बताया जा रहा है। सब्जी विक्रेता वकील अहमद, अमित, राजू ने बताया कि अभी तक मंडी में लोकल की सब्जियां आ रही थी। जहाँ ज्यादा बारिश होने से लोकल की फसल खराब होने के कारण बंद हो गई है। मंडी में अब टमाटर हरियाणा, रोहतक व दिल्ली की ओर से आ रहा है। वहीं अन्य सब्जियां भी बाहर से आनी शुरू हो गई है। प्याज भी बाजारों में पीछे से कम आ रहा है। दूर से आ रही सब्जियों के कारण दाम बढ़े हैं। वही गंगोह आम जनता को उम्मीद है कि मानसून के बाद सब्जियों के दामों में कुछ राहत मिलेगी। तब तक के लिए उन्हें अपने बजट में संतुलन बनाना पड़ेगा और महंगी सब्जियों के विकल्प ढूंढने होंगे।



# शिक्षा प्रक्रिया में कौशल को समृद्ध करने के उद्देश्य

संस्कार उजाला संवाददाता

गंगोह / शोभित विश्वविद्यालय, गंगोह और यूनी कौशल, वेदु रिवोल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच शिक्षा प्रक्रिया में कौशल को समृद्ध करने के उद्देश्य गंगोह और यूनी कौशल, वेदु रिवोल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड, नागपुर के बीच शिक्षा प्रक्रिया में कौशल को समृद्ध करने के उद्देश्य से एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग साइन किया गया है। यूनी कौशल, वेदु रिवोल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड का उद्देश्य छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए विभिन्न कौशल विकास और भविष्य के पाठ्यक्रम जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ड्रोन पायलट प्रशिक्षण (लाइसेंस के साथ) और कई अन्य कौशल प्रदान करना है तथा यूनी कौशल पैन कार्ड, डीमैट अकाउंट, छात्रवृत्ति, इंटर्नशिप के अवसर आदि जैसी सेवाएँ भी प्रदान करने के लिए एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराती है। इस अवसर पर शोभित विश्वविद्यालय, गंगोह के कुलपति प्रो.(डॉ.) रणजीत सिंह ने यूनी कौशल, वेदु रिवोल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मृदुला त्रिपाठी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शोभित विश्वविद्यालय गंगोह के कुलसचिव प्रो.(डॉ.) महिपाल सिंह ने कहा कि इस प्रकार के करार से शैक्षणिक गतिविधियों जैसे क्षेत्रों में नए कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर डॉ. सोमप्रभ दुबे एवं आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।



### नगर पालिका सभागार में राष्ट्रीय वाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच के तत्वाधान में मनाया गया वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर्व। अरविंद झंझोट

संस्कार उजाला

**सहारनपुर।** जिला शामली उत्तरप्रदेश 16 अक्टूबर 2024 को शामली नगर पालिका परिषद के ऊपरी सभागार में राष्ट्रीय वाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच के तत्वधान में त्रिकालदर्शी भगवान वाल्मीकि के प्रकट उत्सव पर्व को धूमधाम से मनाया गया। भगवान वाल्मीकि के चित्र पर नगर पालिका के स्वास्थ्य निरीक्षक आदेश सैनी एवं अरविंद झंझोट. रामस्वरूप वाल्मीकि. डॉक्टर सुरेश चंद. नंदू प्रसाद वाल्मीकि. तेजपाल व परविंदर कुमार ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण की तत्पश्चात स्वास्थ्य निरीक्षक आदेश सैनी ने वाल्मीकि समाज के लोगों को वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। और भगवान वाल्मीकि के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए कहा और राष्ट्रीय बाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद झंझोट ने सर्वप्रथम त्रिकालदर्शी भगवान वाल्मीकि की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की और सभी को भगवान वाल्मीकि के प्रकट उत्सव पर हार्दिक शुभकामनाएं दी.और सभी के अच्छे स्वास्थ्य एवं सुख समृद्धि की कामना की तत्पश्चात और अपने संबोधन में कहा कि भगवान वाल्मीकि विश्वविख्यात हैं उन्होंनें संसार के कल्याण के लिए सत्य धर्म का रास्ता एवं अहिंसा पत का रास्ता बताया और त्रेता युग में भगवान पुरुषोत्तम श्री राम के जन्म से हजारों वर्ष पूर्व श्री राम की जीवनी एवं संसार का प्रथम ग्रंथ श्री महा रामायण पवित्र ग्रंथ शुद्ध संस्कृत भाषा में लिखकर मानव का कल्याण किया और भगवान वाल्मीकि जी ने शिक्षा का ज्ञान योग का ज्ञान ब्रह्मांड का एवं ज्योतिषी एवं संगीत का ज्ञान एवं अन्य विद्याओं का संसार को ज्ञान दिया भगवान वाल्मीकि की तस्वीर पर सभी लोगों ने मिलकर फूल मालायें अर्पण की और पूजा अर्चना करके उन्हें नमन किया. और सभी ने उनके बताएं सत्य मार्ग के रास्ते पर चलने के लिए कहा उक्त अवसर पर प्रसाद के रूप में मिष्ठान वितरण किया गया। और सभी ने भगवान वाल्मीकि के प्रकट उत्सव पर हार्दिक शुभकामनाएं दी कार्यक्रम में नंदू प्रसाद वाल्मीकि जिला संयोजक. सफाई कर्मचारियों की नेता सुनीता वाल्मीकि. जन समाज सेवी परविंदर कुमार वाल्मीकि. तेजपाल मेहरोल. अरुण झंझोट. मुकेश वाल्मीकि. मोहम्मद आलम दीन इदरीसी. हमीदा बेगम. खुशनुदा बेगम. कुमारी काजल वाल्मीकि. आरती बाबू. शालू बाबू. अर्चना बाबू एवं विनोद कुमार. दीपक चंद बाबू. सरवन पार्चा.अनुराधा देवी. राजेश देवी.कुमारी रितु. सुखबीर वाल्मीकि. राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर सुरेश चंद. कार्यक्रम की अध्यक्षता रामस्वरूप वाल्मीकि पूर्व सभासद जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय वाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच ने की संचालन तेजपाल मेहरोल ने किया और काफी संख्या में समाज के लोग शामिल रहे।



# सेना के जवान की हृदय गति रुकने मौत, गांव में शोक की लहर

**घर लौटते समय ट्रेन में हुआ हादसा**



संस्कार उजाला

**बडगांव सहारनपुर**

**बड़गांव।** आसाम में तैनात चिराऊ गांव निवासी आर्मी सूबेदार की हृदय गति रुकने से बरेली में ट्रेन यात्रा के दौरान मौत हो गई। जिससे सुनते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार की देर शाम जवान के शव का अंतिम संस्कार पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के किया जायेगा। तहसील रामपुर मनिहारन के गांव चिराऊ निवासी बृजभूषण सिंह (56) वर्ष पुत्र साधू सिंह आर्मी में आसाम के डिब्रूगढ में सूबेदार के पद पर तैनात थे। बताया गया कि बृजभूषण सिंह का तबादला हाल ही में उत्तराखंड के जोशीमठ हुआ था। इसी बीच वें ट्रेन द्वारा घर लौट रहे थे रविवार रात अचानक उनकी ट्रेन में यात्रा के दौरान तबियत बिगड़ गई, तबियत बिगड़ने से मौके पर मौत हो गई। बरेली स्टेशन पर उन्हें रेलवे पुलिस ने सीट पर मृत अवस्था देखा। इसके बाद जवान को आर्मी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फौजी की मौत की जानकारी जवान के परिजन को दी गई। जवान के परिवार में पत्नी सुमन, बडी लडकी शिवानी छोटा बेटा केतन है। जवान की मौत की सूचना मिलते ही परिवार एंव गांव में शोक की लहर दौड़ गई। एसडीएम सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि सोमवार देर शाम जवान का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ पैतृक गांव चिराऊ में किया जाएगा।

# जनता की समस्या समाधान हेतु राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच ने उप जिलाधिकारी महोली को सौंपा पत्र




संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**
जिले की तहसील महोली क्षेत्र के अन्तर्गत थाना इमलिया सुल्तानपुर की एक ग्राम पंचायत में अवैध कब्जा हटवाने को लेकर राष्ट्र वादी युवा अधिकार मंच ने उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जानकारी के अनुसार जिले की महोली तहसील क्षेत्र के थाना इमलिया सुल्तानपुर की ग्राम पंचायत कमोलिया के ग्रामीणों की समस्या को लेकर राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के जिला महासिचव अखिलेश गौतम ने उपजिलाधिकारी को पत्र सौंप कर अवैध कब्जा हटाए जाने की मांग की है। बताते हैं कि पीड़ित अनिल कुमार पुत्र दिल्ली सिंह द्वारा अवैध कब्जा हटवाए जाने के सम्बन्ध में शिकायत महोली उप जिला अधिकारी से की थी, शिकायत की जांच सम्बन्धित लेखपाल के द्वारा की गई और एक सप्ताह में कब्जा हटवाने का आश्वासन भी उनके द्वारा दिया गया। यह भी बताया गया कि शिकायत कर्ता द्वारा की गई शिकायत पर आख्या अपलोड भी की गई परन्तु अभी तक अवैध कब्जा नहीं हटवाया गया। राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के नेताओं ने कहा कि यदि ग्रामपंचायत कमोलिया में अवैध कब्जा शीघ्र नहीं हटवाया गया तो संगठन के पदाधिकारी व ग्रामीण धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह,जिला सचिव मोती लाल,अनिल कुमार, रामभजन, सालिक राम, सुनील,महेन्द्र कुमार जयपाल सिंह,कमलू, गोविंद सिंह, सतीश सिंह, दिनेश कुमार, ओमकार, चन्द्रिका प्रसाद, रजनीश व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# टीबी के खात्मे के साझा प्रयास में अपना योगदान दें: डॉ. प्रखर

**मिश्रिख सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक ने लिया सोलह क्षय रोगियों को गोद।**

संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**
राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत मिश्रिख सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ. प्रखर श्रीवास्तव ने सोलह क्षय रोगियों को गोद लिया। गोद लिए गए इन सभी टीबी रोगियों को उन्होंने और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्साधिकारियों एवं पैरामेडिकल कर्मियों ने सामुदायिक सहभागिता के तहत पोषक आहार किट (पोषण पोटली) भी प्रदान की। इस मौके पर उन्होंने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, स्वैच्छिक संगठनों, राजनीतिक दलों,आमजन सहित निजी चिकित्सकों से अपील कि है कि वह टीबी रोगियों को गोद लेकर टीबी के खात्मे के साझा प्रयास में अपना योगदान दें,और निक्षय मित्र बनकर क्षय रोगियों को स्वस्थ बनाने में सहयोग करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक ने बताया कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय क्षय रोग





रोगियों को गोद लेने की योजना संचालित कर रही है।इस योजना के तहत कोई भी संस्था, औद्योगिक इकाई या संगठन राजनीतिक दल या कोई व्यक्ति टीबी मरीज को गोद ले सकता है, जिससे उसका समुचित इलाज हो सके। इस योजना को ह्यअडॉप्ट पीपल विद टीबी का नाम दिया गया है। प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के द्वारा वर्ष 2019 में टीबी मरीजों को गोद लेने की मुहिम शुरू की गई।राज्यपाल के आह्वान के बाद टीबी से मुक्ति दिलाने के लिए लोग तेजी से मरीजों का हाथ थाम रहे हैं। वो रोगियों को पोषण सामग्री उपलब्ध कराने के साथ उपचार में उनकी मदद भी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि निक्षय पोषण योजना के तहत निक्षय पोषण पोर्टल पर पंजीकरण के बाद टीबी रोगियों को प्रतिमाह एक हजार रुपए पोषण भत्ता के रूप में दिए जाते हैं।यह धनराशि सीधे मरीजे के बैंक खाते में भेजी जाती है।जिससे कि मरीज पौष्टिक खानपान कर सके। उन्होंने यह भी बताया कि भारत सरकार की ओर से 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने की योजना है। इस मौके पर कार्यक्रम में डॉ.मनीष रॉय,सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर नीरज वर्मा अर्श काउंसलर लक्ष्मी गुप्ता, स्टाफ नर्स विभा मिश्रा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

# संक्षिप्त डायरी

## आंगनबाड़ी केंद्र पर अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन।



संस्कार उजाला
**निघासन खीरी।**
प्राथमिक विद्यालय निघासन में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता शास्त्री नगर वार्ड के सभासद मुन्ना यूनिक ने की और उन्होंने कहा कि वार्ड में सही समय पर टीकाकरण हो व उसके महत्व के बारे में लोगों को बताया जाए। स्वच्छ पेय जल की उपयोगिता के साथ पोषिक आहार एवं संतुलित आहार के बारे में वार्ड वासियों को जागरूक किया जाए। वार्ड में रहने वालों के घर घर जाकर बच्चों को स्कूल जाने के लिए जागरूक करना व अपने आसपास स्वच्छता का ध्यान रखने की अपील की जाए। इस दौरान बैठक में सहायक अध्यापक सुनील कुमार व जाबिर अली के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्री व आंगनबाड़ी सहायिका मौजूद रही।

## हवन-कन्या पूजन के साथ नवरात्र संपन्न, पूजी गई सिद्धिदात्री



संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**
जिले के कमला पुर कस्बे के महोठे रानी मन्दिर पर पण्डित अनिल मिश्र के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन और कन्या पूजन के साथ शारदीय नवरात्र सम्पन्न हो गया। अन्तिम दिन जगत-जननी के सिद्धिदात्री स्वरूप की उपासना की गई।श्रद्धालुओं ने घरों में हवन किया और कुंवारी कन्याओं को भोजन कराकर लोक कल्याण की कामना की।नौ दिनों तक व्रत रहने वाले श्रद्धालुओं ने पारण किया देवी के नौ दिवसीय पर्व नवरात्र की जिले में धूम रही। अन्तिम दिन देवी मंदिरों से लेकर पूजा पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। दर्शन-पूजन कर जन कल्याण की कामना की गई। ज्ञानपुर से लगे घोपइला देवी मंदिर पर श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन किया। साथ ही कुंवारी कन्याओं को भोजन कराकर दक्षिणा आदि समर्पित किया। इस दौरान लोक कल्याण की कामना की गई।इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार गूंजते रहे। शारदीय नवरात्र में जगह -जगह स्थापित दुर्गा पूजा पंडालों में पूजनोत्सव की धूम है। अधिकांश प्रतिमाएं दशमी के दिन ही विसर्जित कर दी जाती हैं। पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी,सुबह से ही शुरू हुआ श्रद्धालुओं के पंडालों में पहुंचने का सिलसिला पूरे दिन व देर रात तक चलता रहा।

# क्या तहसील सिधौली के अन्तर्गत एसडीएम सिधौली व पुलिस के इशारे पर खुलेआम हो रहे अवैध खनन?

**ग्राम पंचायतों में सरकारी कार्यों पर मिट्टी पटाई के नाम पर कराए जा रहे लाखों के भुगतान।**

***किसी पटाई कार्य का खनन विभाग से नहीं है परमिशन -क्या? सिर्फ आम जनता ही खनन अधिनियम कानून के लिए है बाध्य।**



संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**
जिले की तहसील सिधौली के अन्तर्गत शाम ढलते ही अवैध खनन का कारोबार सक्रिय हो जाता है। थाना क्षेत्र कमलापुर के अन्तर्गत महानन्दपुरवा बसई डीह में स्थित सरांय नदी के तलहटी का विगत दिनों अवलोकन किया गया तो वहां का नजारा देखकर लगा कि इस क्षेत्र में कानून नाम की कोई चीज ही नहीं है। तथा प्रशासन या तो इस माफिया गिरोह के आगे पंगु बना बैठा है या फिर मिली भगत है। प्रशासन अवैध खनन को रोकने के लम्बे चौड़े दावे कर रहा है, परन्तु हकीकत यह है कि अवैध खनन यहां पर धड़ल्ले से हो रहा है।मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद पड़ाव क्षेत्र में मिट्टी खनन का गोरखधंधा धड़ल्ले से चल रहा है। इसका उदाहरण कमलापुर क्षेत्र के कई गांवों में देखने को मिल रहा है। प्रदेश की योगी सरकार से लोगों को उम्मीदें है कि क्षेत्र में जल्द अवैध कारोबार पर लगाम लगेगा। खनन माफिया पर पुलिस नकेल कसेगी,लेकिन इन दिनों लोगों के उम्मीदों पर पानी फिर गया है।अवैध कारोबार रुकने के बजाय बढ़ने लगा। खनन माफिया प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर धड़ल्ले से मिट्टी खनन कर राजस्व को लाखों का क्षति पहुंचाने में लगे हैं। इतना ही नहीं ग्राम पंचायतों में सरकारी कार्यों को लेकर लाखों रुपए के मिट्टी पटाई के भुगतान किये जा रहे हैं। किसी भी मिट्टी पटाई कार्य का खनन विभाग द्वारा परमिशन नहीं कराया जाता। इससे साफ साबित होता है कि खनन अधिनियम कानून के लिए सिर्फ आम जनता ही बाध्य है।क्षेत्र के बरईजलालपुर ,सिकलनिया, महानन्दपुरवा, रेवरी,कमला पुर,सुरैचा,मास्टरबाग,आदि गांवों में अवैध खनन का कार्य तेजी से चल रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस गोरखधंधे में पुलिस प्रशासन सहभागी बने हुए हैं। वहीं अगर कोई व्यक्ति अपने निजी कार्य या मकान बनाने के लिए अपने खेत से मिट्टी निकाल रहा है तो पुलिस सख्त कदम उठा रही है,लेकिन खनन कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करने में पुलिस के पसीने छूट जाते हैं। क्या बोले जिम्मेदार इस सम्बन्ध में खनन अधिकारी सीतापुर से मोबाइल पर बात करनी चाहिए तो उनका फोन नहीं उठा। फिर उप जिला अधिकारी सिधौली से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जहां-जहां हो रहा है उसका नाम हमारे नंबर पर भेज दो हम दिखवाते हैं।

# बाढ़ प्रभावित लोग बैठे अनिश्चित कालीन धरने पर।




संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।** जिले की लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अहरोरी सेमरिया में शारदा नदी के कटान को रोकने के लिए तटबंध बनाए जाने की मांग को लेकर दूसरे दिन भी ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहा। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम सेमरिया,मास्टर पुरवा,बुढ़नापुर,खाले पुरवा आदि शारदा नदी की कटान के मुहाने पर हैं, कटान से भयभीत ग्रामीण नदी के किनारे किनारे तटबंध बनाए जाने की मांग कर रहे हैं उसी के चलते शारदा कटान रोको संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में मंगलवार को शुरू किया गया अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किसी भी अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा सुध न लेने पर ग्रामीणों के द्वारा बुधवार को भी जारी रहा। इस मौके पर मौजूद ग्रामीण सरोज राजपूत, मौजी लाल,गोकरन,जय नारायण शुक्ला,लाल जी अवस्थी,गोकरन कुमार, करन बाजपेई आदि ने बताया कि,जब तक तटबंध बनाए जाने के लिए कोई ठोस कार्य योजना नहीं बनाई जाएगी तब तक अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

## आचार्य नरेंद्र देव टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज सीतापुर में आयोजित हुआ सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

**ट्रैफिक नियमों का पालन जरुरी है : प्रोफेसर प्रणिता सिंह**




संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**
सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम जिला मुख्यालय बिजवार स्थित आचार्य नरेंद्र देव टीचर ट्रेनिंग कॉलेज सीतापुर के तत्वाधान में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के माध्यम से ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर सड़क हादसों में कमी लाना, सुरक्षा मानको का पालन सुश्चित करना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। सड़क सुरक्षा पखवारा के तहत हुए इस कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती से हुई जिनमें सड़क सुरक्षा शपथ, सड़क सुरक्षा के संदर्भ में जागरूकता अभियान,नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी तथा निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इसमें विद्यार्थियों के साथ साथ वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उसका पालन कराए जाने के लिए शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रमों का आयोजन डॉक्टर नितिन पांडेय के द्वारा किया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर एस पी सिंह ने सड़क यातायात सम्बन्धी सभी नियमों का विस्तार से वर्णन करते हुए उसके उपयोगिता के बारे में विद्यालय के सभी छात्रों एवं मौजूद शिक्षकों को अवगत करवाया। प्रोफेसर प्रनिता सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन जरुरी है डॉक्टर मोहम्मद इमरान ने सड़क सुरक्षा को लेकर छात्रों को शपथ दिलवायी। कॉलेज के प्रोफेसर सुनील कुमार ने कहा हम सभी के सहयोग से ही सड़क सुरक्षा संभव है।डॉ नितिन पाण्डेय ने बताया हेलमेट पहने, सीट बेल्ट,गति सीमा,इत्यादि सभी नियमों का पालन जरुरी है। इस मौके पर डॉ दीपा अवस्थी,डॉ अरविंद प्रकाश विनय पाण्डेय,पंकज, उज्जवला वैश्य महा विद्यालय के सभी कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## बहराइच में हुई घटना में दिवंगत रामगोपाल को श्रद्धांजलि अर्पित कर की प्रार्थना



संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
**बांदा** जनपद में केन जल आरती कार्यक्रम का भव्य कार्यक्रम मंगलवार को सुचारू रूप से विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र (कानपुर प्रांत) के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न किया गया। इस दौरान बहराइच में हुई एक व्यक्ति की दुर्गा विसर्जन कार्यक्रम के दौरान निर्मम हत्या का घोर विरोध भी किया गया। समिति के जिलाध्यक्ष एवं गंगा समग्र के जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बहराइच में जो निर्मम हत्या का मामला प्रकाशित हो रहा है वह अत्यंत ही दुखदाई है और इसमें निरपराध व्यक्ति की निर्मम हत्या कर दी गई जिसमे रामगोपाल मिश्रा की हत्या की खबर की जानकारी ने हम सभी को स्तब्ध करके रख दिया। बताया गया कि इस घटना की हम सभी कड़ी निन्दा करते हैं और मृतक रामगोपाल मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। वहीं उपस्थित लोगों ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक संप्रदाय बिगाड़ने वाले लोगों के खिलाफ सरकार को कठोर से कठोर कार्यवाही करनी चाहिए जिससे पुनः ऐसी किसी भी घटना की पुनरावृत्ति भविष्य में न हो। केन जल आरती कार्यक्रम में सभी ने दिवंगत रामगोपाल मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की और अपनी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान कार्यक्रम में गंगा वाहिनी जिला प्रमुख अनीता शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी मितेश कुमार, आरती प्रमुख सत्यम मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष आलोक प्रजापति, सुनील, रामकली, खाटू श्याम सेवा मंडल संतोष यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## डीएम ने किसानों की समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश




संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा
जिलाधिकारी नगेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसानों की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में उपस्थित किसानों एवं किसान यूनियन से सम्बन्धित पदाधिकारियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने विद्युत, सिंचाई, फसल बीमा एवं किसान सम्मान निधि आदि से सम्बन्धित समस्याओं को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। किसान दिवस में विद्युत विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों में मर्का ग्राम में विद्युतीकरण कार्य पूर्ण किये जाने, तिन्दवारी में विद्युत के नीचे तारों को ठीक कराये जाने एवं ग्राम दुरेडी में विद्युत सम्बन्धी समस्यायें प्राप्त हुई, जिनका जिलाधिकारी ने निराकरण किये जाने हेतु विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। किसान दिवस में सिंचाई हेतु कैनाल लिफ्ट में समुचित जलापूर्ति सिंचाई हेतु कराये जाने के सम्बन्ध में सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने किसानों को खाद एवं बीज की किसी प्रकार की कमी नही रहने पाये, इसके लिए पर्याप्त बीज एवं खाद की उपलब्धता कराये जाने के सम्बन्ध में जिला कृषि अधिकारी एवं सहायक निबन्धक सहकारिता को निर्देश दिये। किसानों द्वारा प्राइवेट खाद की दुकानों पर रेट में अंकुश लगाये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया। फसलों का बीमा समय से कराये जाने तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ प्राप्त करने हेतु जानकारी दी गयी। किसान दिवस में उद्यान अधिकारी द्वारा एकीकृत बागवानी योजना में किसानों का पंजीकरण कराये जाने तथा बीज वितरण का लाभ प्राप्त करने की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि रबी मौसम में प्याज के बीज के साथ आलू, मटर, मेथी आदि का बीज उपलब्ध है, जिनको किसान क्रय कर सकते हैं। उन्होंने स्प्रिंक्लर सिंचाई हेतु किसानों को अवगत कराते हुए बताया कि इस योजना में 65 प्रतिशत का अनुदान भी दिया जाता है, जिसका लाभ उठायें। किसानों द्वारा महोखर में रात्रि के समय पशुओं को छोडने की समस्या के निदान के लिए जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को इसका निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने किसानों के बैंको से समय से केडिट कार्ड बनाये जाने के निर्देश लीड बैंक मैनेजर को दिये। उन्होंने किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत जिन किसानों के केवाईसी को पूरा कर सभी किसानों की निधि की धनराशि उनके खातों में भिजवाने के निर्देश जिला कृषि अधिकारी को दिये। बैठक मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, उप निदेशक कृषि विजय कुमार, जिला उद्यान अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर, जिला विकास अधिकारी एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कालेज में प्रतियोगिता हुई सम्पन्न।



संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**
किसान इण्टर कालेज सरैया राजा साहब सीतापुर में पचहत्तरवीं जनपदीय माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 में बालिका वर्ग में चैम्पियन बना। जूनियर बालिका वर्ग में विजेता,सीनियर बालिका वर्ग में उप विजेता बना साथ ही बालिका वर्ग में ओवर आल चैम्पियन बना और बालक एवं बालिका दोनों वर्गों को मिलाकर ओवर आल में उप विजेता रहा, जूनियर बालिका वर्ग में क्लास नौ की छात्रा अर्चना व्यक्तिगत चैम्पियन बनी। बेबी और पारुल क्लास नौ की छात्रा ने अपने तीनों प्रतियोगिता में दो में गोल्ड और एक में सिल्वर मेडल प्राप्त कर विद्यालय तथा माता पिता और अपना नाम रोशन किया,बालिका वर्ग की ओवर आल चैम्पियन बनने पर विद्यालय के प्रबंधक रत्नेश कुमार के भाई अंजय मौर्य,अध्यक्ष विजय कुमार मौर्य ने सभी बच्चों को मिठाई खिलाकर अपना आशीर्वाद दिया, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ शिवकुमार शर्मा ने सभी बच्चों को मण्डल में भी स्थान प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद दिया और कहा बच्चों को खेलने के लिए जो भी सुविधा चाहिए। हम क्रीड़ा प्रभारी अवनीश कुमार,अध्यापक भूपेन्द्र कुमार सोनकर,शिवम मौर्य अनीसा वर्मा की मेहनत और लगन के लिए आभार व्यक्त किया,बच्चों, उनके परिवार और पूरे विद्यालय को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रवक्ता डॉ.मंजू सिंह,डॉ. सालिक राम,डॉ रामकिशोर, प्रीति यादव,अनिरुद्ध कुमार ऋषिकेश विश्वकर्मा,शिवा वर्मा,आदि अध्यापक एवं धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी,प्रेम प्रकाश वर्मा,चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अरविंद कुमार, ब्रह्मदीन,किरन कुमार चंदा और राहुल मौर्या सभी ने बच्चों को बधाई व आशीर्वाद दिया।

# कार्यवाही न होने से आक्रोशित किसान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन।

**पदाधिकारियों ने समाज कल्याण विभाग पर लगाया उत्पीड़न कर वसूली का आरोप**





संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**
जिले के समाज कल्याण विभाग में व्याप्त भृष्टाचार को लेकर भारतीय मजदूर किसान वेलफेयर एसोसिएशन के दर्जनों कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने निष्पक्ष जांच कराए जाने को लेकर कई बार दिए गए ज्ञापनों के क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष जागेश्वर वर्मा ने बताया कि शासन प्रशासन को वह लगातार पत्राचार के माध्यम से एवं व्यक्तिगत ज्ञापन प्रेषित कर रहे हैं, लेकिन समाज कल्याण विभाग के द्वारा उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी, जिससे आक्रोशित होकर सैकड़ों पीड़ित किसानों ने दिनांक पच्चिस सितम्बर 2024 को जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की थी। धरना प्रदर्शन के दौरान प्रभारी जिला अधिकारी द्वारा तत्काल जांच कराकर पीड़ितों को न्याय दिलाये जाने का आश्वासन दिया था। प्रभारी जिलाधिकारी द्वारा दिये गये आश्वासन पर किसानों,कार्यकताओं व पीड़ितों ने धरना प्रदर्शन को समाप्त कर उचित कार्रवाई एक हफ्ते के अंदर किए जाने की मांग की थी। प्रभारी जिलाधिकारी के स्तर से दिए गए आश्वासन के बावजूद अधिकारियों पर कार्यवाही तो दूर रही।उल्टे जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा किसान एशोसियेशन के पदाधिकारियों पर ही दबाव बनाये जाने का काम किया रहा है। आवाज उठाने वालों की ही आवाज को दबाने का कार्य किया जा रहा है । जो नया संगत नहीं है । आपको बताते चलें कि समाज कल्याण विभाग में दलालों के माध्यम से उत्पीड़न व पारिवारिक लाभ वृद्धा पेंशन आदि योजनाओं में जमकर वसूली की जाती है,कई वर्षों से पात्र लाभार्थियों के आवेदन हजारों की संख्या में विभाग में लम्बित पड़े हुए हैं उनको लाभ नहीं दिया गया। जिसके खुलासे व निष्पक्ष जांच हेतु किसान एसोसिएशन ज्ञापनों के माध्यम से उजागर करता आ रहा है,फिर भी अधिकारियों द्वारा गरीब मजदूर पीड़ितों का शोषण किया जा रहा है। एसोसिएशन के जिम्मेदारों ने पुनः समाज कल्याण विभाग की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। इस मौके पर एसोसियेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जागेश्वर वर्मा,एड०मण्डल अध्यक्ष सर्वेश पाण्डेय,राजा टोडर मल स्मारक समिति राजस्व सुरक्षा सेवा दल,एड०/जिलाध्यक्ष शिवनाथ मिश्र एसोसिएशन जिला अध्यक्ष सन्तोष कुमार राव,जिला महासचिव अरुण कुमार राज, एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष रमेश कुमार, अवधेश कुमार,मोती लाल मनीष लाला ,नीरज अवस्थी सहित दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकताओं,व्यापारियों, अधिवक्ताओं, महिलाओं से सम्मिलित होने की करी अपील।

संस्कार उजाला
**सीतापुर राकेश पाण्डेय।**
भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के संघर्षो व आन्दोलनों के समय जनपद सीतापुर अवध उत्तर प्रदेश में भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ह्लबापूह्न का दिनॉक सत्रह व अठारह अक्टूबर 1925 को प्रथम आगमन के दो दिवसीय प्रवास की पावन स्मृतियों के सम्बन्ध में निन्यानबेवीं वर्षगॉठ/ऐतिहासिक तिथि के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। इस श्रृंखला में सत्रह अक्टूबर 2024 दिन गुरुवार को सीतापुर नगर क्षेत्र की नगर पालिका परिषद के मुख्य द्वारा के पास स्थित प्राचीन कुआं परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा,तथा दूसरे दिन अठारह अक्टूबर 2024 दिन शुक्रवार को वार्ड गॉधी नगर/तामसेनगंज में स्थित शहीद पार्क/लालबाग में तथा गॉधी पडाव स्थल के गॉधी स्मति चबूतरा स्थल पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उक्त कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए युवा समाजसेवी व डा०अबेडकर विचार मंच भारत एवं अखिल भारतीय विधिक छात्र परिषद के अध्यक्ष दिनेश अंबेडकर गॉधी उर्फ दिनेश कुमार जायसवाल दिन्नू भैय्या ने कहा कि राष्ट्र पिता महात्मा गॉधी बापू का जनपद सीतापुर में आना बहुत ही गौरव व स्वाभिमान की बात है और महात्मा गॉधी बापू की स्मृतियों के सम्बन्ध में कार्यक्रमों को आयोजित कर मनाना और उनके कार्यो, विचारों व सिद्धान्तों को स्मरण करना और भी अधिक गौरव व सम्मान की बात है। दिनेश अंबेडकर गॉधी ने उक्त कार्यक्रमों में आमजन सामाजिक कार्यकताओं, व्यापारियों,अधिवक्ताओं, महिलाओं आदि से सम्मिलित होने की अपील की है।

# भूख हड़ताल पर बैठे एम्बुलेंस ड्राइवर

## बोले- डिप्टी सीएम करते हैं नौकरी देने का वादा, दरवाजे पर पहुंचे तो पुलिस खदेड़ रही





**लखनऊ।** में डिप्टी सीएम आवास के बाहर दूसरे दिन भी एम्बुलेंस ड्राइवर प्रदर्शन कर रहे हैं। नौकरी की मांग को लेकर अब सभी भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। ड्राइवरों द्वारा जमकर नारेबाजी की जा रही है। कोरोना के समय दिए गए मेडल और सर्टिफिकेट भी उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को वापस देने की बात कही जा रही है। एम्बुलेंस ड्राइवरों का कहना कि डिप्टी सीएम नौकरी देने का वादा तो करते हैं लेकिन अब उनके ही दरवाजे पर पहुंचे तो पुलिस खदेड़ रही है। उपमुख्यमंत्री से 3 साल में 20 बार से अधिक मुलाकात की गई। हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। कल प्रदर्शन के दौरान उन्होंने 5 लोगों के डेलिगेशन को मुलाकात के लिए बुलाया। बीच का रास्ता निकालने की बात कही गई, लेकिन मुलाकात के बाद क्या हुआ इसकी सूचना किसी को नहीं दी गई। इसीलिए अब भूख हड़ताल शुरू की गई है। जब तक बहाली नहीं होगी तब तक यह हड़ताल जारी रहेगी। तीन दिन का काम 3 साल में नहीं हुआ पूरा एम्बुलेंस ड्राइवर शैलेश का कहना है कि 3 साल में सरकार कंपनी से बातचीत नहीं कर पाई। यह दुख की बात है कि जिस समस्या का समाधान तीन दिन में होना था वह 3 साल में भी नहीं हो पाया। हम लोग भूख हड़ताल पर बैठे हैं, सुनवाई नहीं होने तक यहीं बैठे रहेंगे।दरवाजे पर पहुंचने पर पुलिस भगा रही प्रदर्शन कर रहे सलील अवस्थी का कहना है कि 3 साल से हम लोग नौकरी के लिए दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों से 9000 कर्मचारी रोजगार के लिए सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय करके लखनऊ पहुंचते हैं। डिप्टी सीएम वादा करते हैं कि नौकरी मिलेगी। अब जब उनके दरवाजे पर पहुंचे तो पुलिस भगा रही।ईको गार्डन ले जाते समय हुई तीखी नोंक झोंक डिप्टी सीएम के आवास का घेराव और भूख हड़ताल कर रहे सभी एम्बुलेंस चालकों और टेक्नीशियन को पुलिस ने हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी नोंक झोंक भी हुई है।बिना कारण बताए नौकरी से निकाला 9000 कर्मचारियों के सामने तीन साल से रोजी रोटी का संकट है। साल 2012 में नियुक्ति हुई। 2012 से लेकर 2021 तक 108 और 102 एम्बुलेंस में सेवा दिया। 2021 में 9000 कर्मचारियों को बिना कारण बताए निजी कंपनी है, जिसके माध्यम से भर्ती हुई थी) निकाल दिया।शारीरिक, मानसिक शोषण जैसे कई गंभीर आरोप लगाए प्रदर्शनकारियों ने निजी कंपनी के खिलाफ नौकरी से निकालने, शारीरिक, मानसिक शोषण करने सहित कई गंभीर आरोप लगाए। एंबुलेस ड्राइवरों का कहना है कि कोरोना के समय नौकरी दी गई। उस समय कई कर्मचारियों ने अपनी जान भी गंवाई, लेकिन अब नौकरी से निकाला जा रहा है। इसीलिए जीवनदायिनी स्वास्थ्य विभाग 108-102 एंबुलेंस कर्मचारी संघ के बैनर तले प्रदर्शन किया जा रहा है।ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस कंपनी पर आरोप चालकों का कहना है कि प्रदेश में 20 हजार एंबुलेंस कर्मचारी इस कंपनी में काम करते हैं। कंपनी, कर्मचारियों का शारीरिक और मानसिक शोषण कर रही है। मेंटेनेंस का पैसा भी कंपनी कर्मचारियों के वेतन से काट रही है। विरोध करने वालों को बर्खास्त कर दिया जाता है।

### मंत्री-विधायक बताएं किससे कहें अपनी बात

शाम 5 बजे के बाद ईको गार्डन में प्रदर्शन करने वालों को रुकने नहीं दिया जाता। किसी मंत्री या विधायक के आवास पर प्रदर्शन करने जाओ तो वहां पुलिस लाठीचार्ज करती है। यही लोग बता दें कि हम अपनी बात किसके पास रखें।

## बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है विजयादशमी का पर्वः ओमप्रकाश जायसवाल



संवाददाता

**कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर क्षेत्र के वार्ड नम्बर 1 रानी लक्ष्मी बाई नगर (नरकटिया खुर्द) में विजयादशमी पर्व के अवसर पर रावण के पुतले का दहन किया गया। इस अवसर पर महिला, पुरूष, बच्चों ने आयोजित मेले का खूब आनन्द लिया। सोमवार को राम सेवा सामिति के सदस्यों द्वारा आयोजित रावण दहन उत्सव में पूजन अर्चन किया गया और जयकारे लगाए गए। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के कसया नगर मण्डल उपाध्यक्ष और प्रतिष्ठित व्यवसायी ओमप्रकाश जायसवाल ने वार्ड वासियों के साथ रावण के पुतले का दहन किया और कहा कि विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। अपने भीतर छिपी बुराईयों का समूल नाश ही इस पर्व का उद्देश्य है। सामाजिक विकृतियों के समाप्त होने से हर घर मे खुशियों का बास होगा। इसलिए इस पर्व से सीख लें और एक सुंदर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें। इस अवसर पर बुद्ध विद्या बिहार के प्रधानाचार्य एवं पत्रकार वीरेन्द्र सिंह, अशोक श्रीवास्तव, अनिल जायसवाल अनिल पाण्डेय, पूर्व सभासद पवन जायसवाल, गोपाल राव, गुड्डू भारती, प्रयाग, सागर, गोलू कुशवाहा, प्रेम कुमार, नेबुलाल गोंड़, सुरेश लेखपाल, सुदामा कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ संगीतमय श्रीहरिकथा व संकीर्तन

संवाददाता

**कुशीनगर।** मंगलवार को दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के श्रद्धालुओं के द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा के साथ संगीतमय श्री हरिकथा व भजन संकीर्तन शुरू हो गया। कथा स्थल पावानगर महावीर इंटर कालेज के परिसर से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निकली यह शोभा यात्रा हास्पिटल रोड, ब्लाक रोड, बघौचघाट रोड, फोरलेन व कालेज रोड होते हुए इंटर कालेज परिसर में पहुंची। जहां पूरे धार्मिक रीति रिवाज के



साथ पूजन कर व्यास गद्दी की स्थापना की गई। जिसमें संस्थान के श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इनके भक्तिमय जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। आशुतोष महाराज के द्वारा स्थापित संस्थान के कथावाचक प्रतिदिन शाम को चार से सात बजे तक कथा व भजन संकीर्तन के माध्यम से श्रद्धालुओं को हरिकथा सुनाएंगे। इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस दौरान पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि पशुपति नाथ जायसवाल, सभासद कमलेश वर्मा, मुकुल तिवारी, सोनू जायसवाल,धीरज वर्मा, रामाधार शर्मा, परशुराम जायसवाल, दुर्गेश सिंह, नन्दलाल सिंह, शेषमुनी गुप्ता रमन कुमार, संजय सिंह, भागवत सिंह आदि मौजूद रहे।

## रेप पीड़िता नाबालिग की इलाज के दौरान मौत

**बस्ती।** के कप्तानगंज थाना क्षेत्र स्थित एक गांव के मनबढ़ युवक ने रेप का विरोध पर दबंगों की दरिंदगी का शिकार हुई 17 वर्षीय नाबालिग की लखनऊ के सिविल हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस द्वारा पीड़िता के शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव को उसके पैतृक आवास बस्ती भेजा जाएगा। इस संदर्भ में लखनऊ पुलिस की ओर से बस्ती के कप्तानगंज थाना पुलिस को सूचना भेज दी गई थी। वहीं कप्तानगंज से पुलिस की टीम लखनऊ पहुंच गई है। बस्ती के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय नाबालिग एक अक्टूबर को जब घर में अकेली थी, तभी गांव का दबंग शंकर गौड़ घर में जबरन घुस आया और नाबालिग के साथ रेप किया। नाबालिग के विरोध करने पर आरोपियों ने उसके शरीर पर डीजल छिड़ककर आग लगा दी थी। गंभीर रूप से झुलसी पीड़िता को सीएचसी कप्तानगंज में भर्ती कराया गया था। जहां से जिला अस्पताल और उसके बाद लखनऊ के सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया था।

## पुण्य स्मृति में शुद्ध पेय जल की हुई व्यवस्था

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा बुधवार को राहुल शिशु शिक्षा निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुशीनगर में स्वर्गीय त्रिलोकी नाथ शुक्ल की पुण्य स्मृति में उनकी पुत्र वधु बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर में मनोविज्ञान की आचार्य डॉ0 सीमा त्रिपाठी के सहयोग से अवदान कार्यक्रम का आयोजन कर विद्यालय परिवार को स्वच्छ पेय जल हेतु आरओ भेंट किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते डॉ0 सीमा ने कहा कि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के कारण नल का जल मूल रूप में पीने योग्य नही रह गया है। आज अधिकांश रोग दूषित जल के




सेवन से ही हो रहे हैं। इसलिए पिताजी की स्मृति में विद्यालय परिवार को शुद्ध पेय जल हेतु आरओ भेंट किया जा रहा। उन्होंने बच्चों से कहा कि यदि घर में आरओ नही है तो आप नल के जल को अच्छे से उबाल कर, छानकर पियें। विद्यालय के पुरातन छात्र पूर्व प्राचार्य प्रो0 अमृतांशु शुक्ल ने बच्चों के साथ अपनी स्मृतियां साझा कीं और उन्हें स्वच्छ व स्वस्थ रहने के तरीके बताये। कार्यक्रम का संचालन नयी दिशा सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र व आगंतुकों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो0 रामभूषण मिश्र, डॉ0 निगम मौर्य, डॉ0 सत्यप्रकाश, डॉ0 रीना मालवीय, नयी दिशा उपाध्यक्ष इंद्र कुमार मिश्र, विनीत शुक्ल, अविनाश सिंह, अनीता मल्ल, राकेश कुमार, करन सिंह, राजन चतुवेर्दी, प्रणय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## गौ संरक्षण हेतु मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी को पद यात्रा कर लखनऊ ज्ञापन देने पहुंचेंगे पवन तोमर ( अग्निवीर )

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद:** भारत में प्रति दिन सैंकड़ों गौवंशो का उपचार कर रहा अग्निवीर वैदिक संगठन अब उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिला अध्यक्ष ने कर दिया बड़ा ऐलान महाराष्ट्र में गौ माता को राज्य माता का दर्जा मिलते ही उत्तर प्रदेश सरकार पर प्रश्न उठ रहे हैं प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं गौभक्त हैं तो उनके रहते प्रदेश में गौ माता की स्थिति इतनी दयनीय क्यों ? भ्रष्ट अधिकारी और अपना कार्य समय पर सही ढंग से ना करने वाले कर्मचारियों के कारण पूरी सरकार की छवि धूमिल हो रही है , अग्निवीर उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष जतिन राज ( विशाल गौतम ) ने बताया कि विभिन्न जिलों में अनेकों बार गायों की स्थिति ओर गौचर भूमि मुक्ति के लिए जिला अधिकारी को कई बार ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया जिसका कोई परिणाम नहीं निकला ना तो गायों के लिए कोई उपचार केंद्र खोला गया ना ही सरकारी नगर निगम के अधीन चलने वाले नंदी नंदनी









पार्कों की स्थिति सुधरी है ना कोई एम्बुलेंस की व्यवस्था है चुनावों के समय नेताओं ने आकर गौ संरक्षण हेतु बड़े बड़े बयान दिए चुनाव समाप्त होते ही ना तो नेता जी दिखे और ना ही उनके वादे पूर्ण हुए, गौ सेवा संबंधित अधिकांश कॉल हमे उत्तर प्रदेश पुलिस से ही प्राप्त होती हैं और संयुक्त कार्यवाही में हमारी टीमें मौके पर जाकर उपचार करती हैं ऐसे में गाजियाबाद जिला अध्यक्ष द्वारा अनेकों बार जिलाधिकारी को ज्ञापन दिए गए पर परिणाम शून्य रहा किसी गौवंश का एक्सीडेंट हो तो हरियाणा में हमे गायों को उपचार हेतु भेजना पड़ता है बार बार ज्ञापन और निवेदन से तंग आकर अब सीधे मुख्यमंत्री जी को अवगत कराना है जिसके लिए 21 अक्टूबर 2024 को गाजियाबाद जिले से पवन तोमर पद यात्रा आरम्भ कर रहे हैं जो कि 5 कालिदास मार्ग लखनऊ मुख्यमंत्री आवास पर जाकर समाप्त होगी इस दौरान उन्होंने प्रदेश भर के गौसेवक ओर हिंदुओं से समर्थन मांगा है और पूर्ण विश्वास जताया है कि माननीय मुख्यमंत्री जी हमारी इस यात्रा का सम्मान करते हुए गौ संरक्षण हेतु हमारी मांगों को पूर्ण करेंगे पद यात्रा में कुछ मुख्य मांगे लेकर यात्रा जा रही है जिसमें भूमाफियाओं से गौचर भूमि मुक्त करना , गौचर भूमि पर गायों के लिए उपचार केंद्र बनाना , हर जिले में गौ सेवा हेतु नि :शुल्क एम्बुलेंस की व्यवस्था करवाना व गौमाता को राज्य माता का दर्जा देकर उनके कटान पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाना है , गौहत्या करने वाले या तस्करी करने वालों पर ठरअ के तहत कार्यवाही कर तत्काल फांसी की सजा देना आदि मांगे सम्मिलित हैं

## हमीरपुर की जरिया पुलिस ने चोरी की 4 मोटर साइकिलों के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की जरिया पुलिस ने अपराध के खात्मे जबकि अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत चैकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम परछा निवासी सत्येन्द्र राजपूत पुत्र संतोष राजपूत जबकि थाना क्षेत्र के ही ग्राम छिबौली निवासी विष्णु उर्फ विसुन पुत्र भागीरथ राजपूत को चोरी की चार मोटर साईकिलों के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। इस मामले में दोनों अभियुक्तों के खिलाफ जरिया थाने में मु०अ०सं० 266/2024 धारा 317(1)/317(4)/317(5)/318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर अदालत भेजा गया है, जबकि तलाशी के दौरान अभियुक्तों के पास से मोटरसाइकिल पेशन प्रो ब्लैक रंग, हीरो एच एफ डीलक्स मोटरसाइकिल, हीरो होण्डा उऊ डीलक्स सहित हीरो होण्डा उऊ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद करने में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। जरिया थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि पकड़े गये अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, अभियुक्त सत्येन्द्र राजपूत के खिलाफ जरिया थाने में पहले ही से तीन मामले दर्ज हैं, जबकि अभियुक्त विष्णु के खिलाफ जरिया थाने में एक दर्जन से ज्यादा संगीन धाराओं में मामले दर्ज हैं। जबकि अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में खासतौर से एस आई रमाकांत शुक्ल, एस आई रोहित यादव, एस आई दिनेश प्रसाद, एस आई रामकुमार, कांस्टेबल पंकज यादव सहित कांस्टेबल ब्रजेश कुमार शामिल रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### श्रम विभाग ने श्रमिकों को किया जागरूक



संवाददाता

**कसया कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभाग के कर्मचारी गांधी चौक के समीप लेबर अड्डा पहुंच कर मजदूरों को विभाग में पंजीयन/नवीनीकरण कराकर योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जागरूक किया। बुधवार को उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के कर्मचारी शशि शेखर मिश्र श्रम विभाग ने कसया स्थित लेबर अड्डा पहुंच कर श्रमिकों को किया जागरूक किया और विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में मजदूरों को अपने समीप के जनसेवा केन्द्र पर पहुंच कर जनसेवा केन्द्र के माध्यम से यू पी बी ओ सी डब्ल्यू के साइड पर श्रमिक पंजीयन कराने तथा पूर्व में पंजीकृत श्रमिकों को ससमय नवीनीकरण कराकर विभाग द्वारा श्रमिकों के हित में संचालित विभिन्न प्रकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के जागरुक किया। विभाग निर्माण श्रमिकों की कल्याण मातृत्व शिशु बालिका मदद योजना कन्या ग राम भवन, मुनीब, प्रमोद, अजय, रामकृपाल सुमन अखिलेश सहित दर्जनों श्रमिक मौजूद रहे।

### ट्रक संचालक एसोसिएशन ने लिया खनन सामग्री फीट के बजाय टन में बेचने का निर्णय



संवाददाता

**कुशीनगर।** यूपी ट्रक संचालक एसोसिएशन की एक बैठक नेशनल हाईवे कसया स्थित जय माँ दुर्गे ट्रांसपोर्ट कंपनी के परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में खनन सामग्री फीट के बजाय वजन (टन) में बेचने का निर्णय एक स्वर से लिया। बुधवार को आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश पाण्डेय व वक्ताओं ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए खनन सामग्री बालू, गिट्टी को टन पर बेचने की सहमति बनी। जिससे दुकानदारों के साथ वाहन स्वामी भी ठगे जाने से बचेंगे। सभी वाहन स्वामी एक निर्धारित दर पर गिट्टी/मोरंग बेचेंगे। प्रतिदिन सुबह ग्रुप में भाव की सूचना मिल जाएगी। समस्या समाधान के लिए जनपद में प्रति माह बैठक होगी। अध्यक्षता करते हुए कुशीनगर जिलाध्यक्ष महन्थ यादव ने सरकार से मांग किया कि नेशनल हाईवे पर ट्रकों के ठहरने के लिए पड़ाव अड्डा बनाया जाय। ताकि ट्रक किनारे खड़े हों।
प्रदेश महामंत्री आरपी सिंह ने बताया कि आगामी 24 अक्टूबर को गोरखपुर में ट्रक चालकों की बैठक बुलाई गई है। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री अजय शर्मा, देवरिया जिलाध्यक्ष अजय त्रिपाठी, जिलाउपाध्यक्ष विनय सिंह पटेल, बुलेट ठकुराई, राकेश सिंह, योगेन्द्र राय, मीर हसन अंसारी, दयाशंकर सिंह, उदयप्रताप सिंह, जनार्दन सिंह, अनूप कुमार यादव, अमरजीत बरनवाल, राजू कुशवाहा, दीपांकर राय, जितेंद्र शाही, मनीष राय, सत्येंद्र राय सहित सैकड़ों ट्रक स्वामी मौजूद रहे।

### स्कॉर्पियो की चपेट में तीन युवकोम की मौत



संवाददाता

**कुशीनगर।** कसया थानाक्षेत्र से होकर गुजरने वाली एनएच-28 पर दर्दनाक हादसा देखने को मिला। जिसमें तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क पर टहलने निकले तीन दोस्तों को रौंद दिया। जिसमें दो की मौके पर मौत हो गई। वहीं तीसरे ने गोरखपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मौके पर मृत दोनों शव को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एक बिहार के नम्बर की स्कॉर्पियो बीआर 28 ए ई को पुलिस कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कसया थानाक्षेत्र स्थित पकवाइनार गांव के तीन दोस्त सुबह घर से टहलने निकले। नेशनल हाइवे-28 के किनारे टहल रहे थे तभी एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो तीनों को रौंदते हुए आगे निकल गई। जिसमें अमन भारती (19) पुत्र सीताराम प्रसाद निवासी पकवा इनार डुमरी, अंशु गुप्ता (19) पुत्र मुन्नर गुप्ता निवासी पिपरी की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। लेकिन साहिल पटेल (18) पुत्र विनोद पटेल पकवाइनार डुमरी बेहद गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल साहिल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन वहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कालेज रेफर किया। जहां से परिजनों ने एक निजी अस्पताल में साहिल को भर्ती कराया, लेकिन वहां उसने दम तोड़ दिया। तीनों कक्षा 9वीं के छात्र थे। मृतक साहिल अकेला पुत्र था, जबकि अंशु के पिता स्व. मुन्नवर गुप्ता की भी दो वर्ष पूर्व इसी तरह सड़क दुर्घटना में मौत हुई थी। दुर्घटना की सूचना पर चौकी इंचार्ज गौरव शुक्ला पुलिस टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं इनको ठोकर मारकर भाग रहा स्कॉर्पियो चालक कुछ आगे जाकर स्कॉर्पियो छोड़ फरार हो गया। जिसे पुलिस कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

## संक्षिप्त डायरी

### नायब सैनी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम के प्रति जनता में भारी उत्साह : अशोक सैनी

-जिले से हजारों कार्यकर्ता होंगे शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल, आवश्यक निर्देश दिए-



संस्कार उजाला
**हरियाणा/हिसार(गरिमा) :** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा है कि हरियाणा की भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के प्रति पदाधिकारियों व कार्यकताओं में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा जिले से हजारों कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने नायब सैनी को दूसरी बार विधायक दल का नेता चुने जाने का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी है। जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की बदौलत हरियाणा की जनता ने तीसरी बार भाजपा को जनादेश दिया है। हरियाणा की नई सरकार का गठन 17 अक्टूबर को हो रहा है, जिसके प्रति कार्यकताओं व आम जनता में उत्साह है। उन्होंने कहा कि पंचकूला में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित एनडीए शासित राज्यों के अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री व वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई है और पार्टी स्तर पर पदाधिकारियों व कार्यकताओं की ड्यूटियां लगाई गई है। उन्होंने कहा कि नई सरकार के गठन व नायब सैनी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के प्रति प्रदेशभर की जनता में उत्साह है। इसी को देखते हुए जिले से हजारों कार्यकर्ता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। भाजपा विधानसभा चुनाव मीडिया इंचार्ज राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि जिलेभर से कार्यकर्ता शपथ ग्रहण समारोह में जाएंगे। सभी को जिला अध्यक्ष की तरफ से आवश्यक निर्देश दिए गए हैं ताकि इतने बड़े समारोह में व्यवस्था बनी रहे।

### शपथ ग्रहण कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने हेतु भाजपा की मेगा तैयारी : रामफल गुराना



संस्कार उजाला
**हरियाणा/हिसार(गरिमा) :** वरिष्ठ समाजसेवी,पूर्व वाइस चेयरमैन नगरपालिका बरवाला एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रामफल गुराना ने बताया कि हरियाणा में मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण को यादगार को बनाने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। मंगलवार को हरियाणा भवन में हरियाणा प्रशासन कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी ओर भाजपा संगठन की तैयारियो को लेकर अंतिम बैठक हुई। इस बैठक में 40 कमेटीया बनाई गई, जो प्रशासन के साथ ताल मेल कर व्यवस्था बनाएगी। इसके अलावा 1 हजार से अधिक वॉलिंटियर व्यवस्था का अलग से जिम्मा संभालेंगे। कार्यक्रम के लिए 50 हजार लोगों को निमंत्रण भेजा गया। इनमें खाप पंचायते,प्रगतिशील किसान,उद्योग जगत की हस्तियां और खिलाड़ी शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली बता चुके हैं कि शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत इसमें देश के कई राज्यों के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मौजूद रहेंगे। लगभग 37 नेताओं की लिस्ट तैयार की गई है। इनके अलावा भाजपा के बूथ स्तर से लेकर जिला व प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। भाजपा ने बकायदा अपने कॉल सेंटरों से हर व्यक्ति को फोन ओर पर्सनल मैसेज से आमंत्रण भिजवाया है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए 2500 बसों की व्यवस्था की गई है। हर जिले से पंचकूला के लिए रोडवेज की बसें चलेंगी। इसके अतिरिक्त प्राइवेट बसों का इंतजाम भी प्रशासन की ओर से किया गया है। जिला स्तर पर डीसी को इसकी व्यवस्था करने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही बसों में बैठते ही नाश्ता दिया जाएगा। इसके लिए हर बस में एक खाना प्रबंधक लगाया है जो यह व्यवस्था देखेगा। कार्यक्रम में 50000 लोग शामिल होंगे। इसे लेकर सुबह से ही खाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। कार्यक्रम के बाद दोपहर का खाना भी बसों में ही दिया जाएगा। इसके लिए वॉलिंटियर्स की मदद ली जाएगी। स्पेशल फूड पैकेट तैयार किए जाएंगे। एक फूड पैकेज में बीस से तीस लोगों के खाने के पैकेट होंगे। पंडाल में आठ अलग-अलग तरह के ब्लॉक तैयार किया जा रहे हैं। हर ब्लॉक में विशेष कैटेगरी के लोगों को बिठाया जाएगा। ड्रोन दीदी, खाप पंचायत के प्रतिनिधि, प्रगतिशील किसानों, उद्योग जगत के प्रसिद्ध लोगों, भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारी से लेकर बूथ लेवल तक के पदाधिकारी अलग-अलग ब्लॉक में बैठे नजर आएंगे। पूर्व वाइस चेयरमैन रामफल गुराना ने यह भी बताया कि शपथ ग्रहण कार्यक्रम में दो मंच लगाए जाएंगे। 1 मंच पर प्रधानमंत्री,गृहमंत्री अमित शाह,रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह,केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सहित तीन केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर,राव इंद्रजीत सिंह और मनोहर लाल खट्टर मौजूद रहेंगे। इसके अलावा 19 राज्यों के मुख्यमंत्री, डिप्टी मुख्यमंत्री सहित भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली सभी विधायक और केंद्रीय भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

# महर्षि वाल्मीकि के आदर्श और शिक्षाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणास्त्रोत-प्रो. बी.आर. काम्बोज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सृष्टिकर्ता भगवान वाल्मीकि के पावन प्रकट दिवस पर मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि जबकि समाजसेवी स्वामी गुरुचरण विशिष्ट अतिथि तथा श्री कृष्ण जी मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे।




कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि महर्षि वाल्मीकि के आदर्श और शिक्षाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके आदर्शों से हमें सच्चाई और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी मिलती है। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि जयंती का महत्व समाज में धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को स्थापित करना है। उन्होंने रामायण जैसे महान काव्य की रचना करने के साथ-साथ समाज के वंचित और पिछड़े वर्गो को शिक्षा और सामाजिक उन्नति का मार्ग दिखाया। उनकी रचनाएं भारतीय संस्कृति और साहित्य की अमूल्य धरोहर हैं। भगवान वाल्मीकि के जीवन का प्रत्येक पहलू हमें आदर्श जीवन जीने की शिक्षा देता है तथा पूरे समाज को एक शक्तिशाली समाज में परिवर्तित कर अपनी संस्कृति की रक्षा करने में सक्षम भी बनाता है। महर्षि वाल्मीकि अवतरित, परम ज्ञानी और महापुरूष थे। उन्होंने संस्कृत भाषा में श्लोकों की रचना करी। उन्होंने कहा कि समस्याओं एवं सामाजिक बुराईयों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शिक्षा का प्रचार एवं प्रसार बहुत जरूरी है। महिला सशिक्तकरण एवं पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए उन्होंने पौधारोपण करने पर भी बल दिया। इस अवसर पर कुलपति ने 15 महिला सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया।

विशिष्ट अतिथि एवं समाजसेवी स्वामी गुरुचरण ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि न केवल एक महान कवि थे बल्कि वे सामाजिक समरसता और मानवता के प्रबल समर्थक भी थे। उनके समय में समाज में विभिन्न जातियों और वर्गो के बीच भेदभाव था लेकिन भगवान वाल्मीकि ने इन सभी सामाजिक बंधनों को नकारते हुए यह दिखाया कि मानवता और धर्म सभी के लिए समान है उनके जीवन का यह संदेश आज भी प्रासंगिक है और समाज में समानता एकता और भाईचारे के महत्व को बढ़ाता है।

मुख्य वक्ता श्री कृष्ण जी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि शास्त्र और शस्त्र दोनों के ज्ञाता थे। उन्होंने कहा कि हमें रामायण, महाभारत और श्रीमद भगवत गीता का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम महर्षि वाल्मीकि के जीवन दर्शन को ठीक से जाने तो सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अनेक भ्रांतियां दूर हो जाती हैं। महर्षि वाल्मीकि के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने यह भी बताया कि अनेक महापुरूषों ने उनका अनुसरण करते हुए उनके आदर्शो पर चलने का काम किया। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर ही समाज एवं राष्ट्र को प्रगति के पथ पर ले जा सकते हैं।

कुलसचिव एवं कार्यक्रम के आयोजक डॉ. पवन कुमार ने विचार गोष्ठी में आए हुए सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विश्वविद्यालय परिवार को नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि संस्कृत रामायण के प्रसिद्ध रचयिता हैं, जो आदिकवि के रूप में प्रसिद्ध हैं। रामायण एक महाकाव्य है जो कि राम के जीवन के माध्यम से हमें जीवन के सत्य व कर्तव्य से परिचित करवाता है। मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने विचार गोष्ठी में सभी का धन्यवाद किया। मंच का संचालन डॉ. सुभाष चन्द्र किया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समाज को विकास की राह पर ले जाने के लिए संगठित होना जरूरी : किताब सिंह फौजी

**करनाल।** भगवान वाल्मीकि जन कल्याण संघ के प्रथम अध्यक्ष बनारसी दास जाणी द्वारा भगवान वाल्मीकि के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में भगवान वाल्मीकि भवन में समाज के रिटायर्ड एवं प्रबुद्ध जनों का मिलन समारोह आयोजित किया गया । इस अवसर पर रस्सा खींच प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गांव रसीन के सरपंच किताब सिंह फौजीथे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भगवान वाल्मीकि जन कल्याण संघ के प्रथम अध्यक्ष बनारसी दास जाणी ने की। इसअवसर पर समाज के प्रबुद्ध जनों ने समाज की उएकता को बनाए रखने पर बल दिया गया। कार्यक्रम में उपली के सरपंच विनोद कुमार, कौंहड़ के सरपंच सुनील कुमार वल्हैड़ा के सरंपच सागर, समालखा के सरपंच राजेश कुमार, नरेश कुमार अमृतपुर राजरूप नंवरदार रसीन पीर बढ़ौली के सरपंच सोहन कुमार,जिला परिषद के सदस्य राजकिशन स्टौंडी, ब्लाक समिति के सदस्य अक्षय गुढ्ढ पंचायत सदस्य चंद्रपाल वाल्मीकि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि किताब सिंह फौजी का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया। वहीं पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बनारसी दास जाणी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आजाद सिंह नंवरदार, जयपाल चौहान, कृष्ण कुमार सभाष भुम्बक, जयराज आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गांव रसीन के सरपंच किताब सिंह फौजी ने कहा कि समाज की एकजुटता को बना रखने के लिए सभी आगे आएं। उन्होंने कहा कि समाज का जागरूक करने के लिए इस तरह केकार्यक्रमों का आयोजन करते रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्ध जनों को सरकार द्वारा चलाई जा रही समाज के कल्याण के लिए समाजिक और वौद्धिक योजनाओं की जानकारी दी गई। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में भगवान वाल्मीकि जन कल्याण संघ के प्रथम अध्यक्ष बनारसी दास जाणी ने कहा कि समाज के लोगों



के शिक्षा के स्तर को उठाने के साथ साथ समाज की राजनीतिक सामाजिक भागीदारी बढ़ाने के लिए भी कार्य करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि समाज के शिक्षित बच्चों को रोजगार दिलाने की दिशा में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। भगवान वाल्मीकि ने मानवता की भलाई के लिए उपदेश दिया हैं। उनकी शिक्षा आज भी प्रांसगिक हैं। उन्होंने बताया कि सर्व समाज की एकता और भाई चारे के लिए मिल कर काम करना चाहिए। इस अवसर पर रस्सा खींच प्रतियोगियता का आयोजन कि गया। जिसमें प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार दिए गए।

## विधायक नरेश सेलवाल ने किया उकलाना अनाज मंडी में धान खरीद का निरीक्षण

### सरकार जानबूझकर किसानों को परेशान कर रही है: नरेश सेलवाल

एमएसपी से भी कम भाव पर किसान फसल बेचने के लिए मजबूर: नरेश सेलवाल

संस्कार उजाला
**हरियाणा/हिसार (गरिमा) :** कांग्रेस विधायक नरेश सेलवाल सोमवार को उकलाना की नई अनाज मंडी में धान खरीद के निरीक्षण के लिए पहुंचे और आढ़तियों व किसानों से मुलाकात की। आढ़तियों व किसानों ने विधायक नरेश सेलवाल को बताया की उकलाना की नई अनाज मंडी में धान खरीद कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। किसान पिछले 10 से 15 दिनों से अपनी धान की फसल बिक्री के लिए लाए हुए हैं। लेकिन बिक नहीं पा रही है। विधायक नरेश सेलवाल अधिकारियों के साथ धान ढेरियों पर पहुंचे और धान की फसल का निरीक्षण किया। किसानों का कहना था कि उनकी धान की फसल सभी तरह के सरकारी नॉर्म पूरे कर रही है लेकिन उसके बाद भी खरीद नहीं की जा रही है। किसानों ने कहा कि सरकार द्वारा जानबूझकर उन्हें परेशान किया जा रहा है। विधायक नरेश सेलवाल ने कहा कि सरकार धान की फसल को 2320 रुपए प्रति क्विंटल के रेट पर एमएसपी पर खरीदे जाने की बड़ी-बड़ी घोषणा कर रही है और खुद मुख्यमंत्री बयान दे रहे हैं कि किसानों की धान के दाने-दाने को एमएसपी पर खरीदा जाएगा। लेकिन धरातल पर ऐसा कुछ भी नहीं है। अनाज मंडी में व्यवस्थाओं का पूरी तरह से जनाजा निकल चुका है। किसानों की फसल को एमएसपी पर खरीदने की बजाय ओने पौने दामों में खरीदा जा रहा है। 2320 प्रति क्विंटल की बजाय किसानों की धान को 1900 से लेकर 2100 प्रति क्विंटल तक लूटमार करके लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी में किसानों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। मुख्यमंत्री केवल बयानबाजी में करने लगे हुए हैं। विधायक नरेश सेलवाल ने कहा कि किसान हितों की बात करने वाली भाजपा अब किसानों को लुटते हुए मूकदर्शक बनकर देख रही है। उन्होंने कहा कि किसान और आढ़ती आज अनाज मंडियों में फसल बिक्री न होने के कारण रोने को मजबूर हो रहे हैं। विधायक नरेश सेलवाल ने उकलाना अनाज मंडी में एमएसपी से कम रेट पर धान खरीदे जाने और धीमी गति से खरीद होने के मामले को लेकर उपायुक्त हिसार, डीएफएससी हिसार से बात की और कहा कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार की ज्यादती को सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से बातचीत करते हुए कहा कि उकलाना की अनाज मंडी में फतेहाबाद जिले के मिलर्स को धान खरीद की अनुमति जल्द से जल्द दी जाए ताकि खरीद कार्य में कुछ सुधार सके। अधिकारियों से बातचीत करने के बाद नरेश सेलवाल ने कहा कि अगले एक-दो दिनों में फतेहाबाद के मिलर्स को उकलाना अनाज मंडी में धान खरीद करने की अनुमति दिला दी जाएगी। उसके बाद नरेश सेलवाल मार्केट कमेटी कार्यालय पर किसानों द्वारा दिए जाए जा रहे धरने पर पहुंचे और धरने को अपना समर्थन दिया। नरेश सेलवाल ने कहा कि अगर सरकार खरीद कार्य में तेजी लाते हुए एमएसपी रेट पर धान की खरीद नहीं करती तो वह खुद भी किसानों के साथ धरने पर बैठेंगे। उसके बाद नरेश सेलवाल बरवाला की अनाज मंडी में पहुंचे और धान खरीद कार्यों का निरीक्षण किया।



बरवाला में भी किसानों ने धान खरीद सही न होने और एमएसपी से कम दामों में धान खरीदे जाने की बात कही। जिस पर नरेश सेलवाल ने कहा कि सरकार जानबूझकर किसानों को लूटते हुए देख रही है। किसानों की खून पसीने की कमाई को मिलर्स व अधिकारी मिलकर लूट रहे हैं। जिसे किसी भी प्रकार से सहन नहीं किया जाएगा और किसानों के साथ मिलकर लड़ाई लड़ेंगे।

## नशामुक्त समाज बनाना सरकार की प्राथमिकता-एसडीएम

**नीलोखेड़ी/करनाल।** एसडीएम अशोक कुमार ने नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को अपने कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशा मुक्ति अभियान चलाकर लोगों को नशे से होने वाले नुकसान बारे जागरूक करें।

एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति नशे की दलदल में फंस गया है तो ऐसे व्यक्ति को पुनर्वास या चिकित्सकीय सलाह द्वारा भी नशा छोड़ने के लिये प्रेरित करें। नशे में पड़ने के बाद व्यक्ति का नशे को छोड़ पाना कठिन हो जाता है। हमें प्रयास करना चाहिये कि हम आरम्भ से ही बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताये व जागरूक करें। उन्होंने बताया कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाव के लिए शिक्षण संस्थानों एवं धार्मिक संस्थाओं आदि को प्रशासन के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि युवाओं के साथ-साथ समाज को भी नशामुक्त किया जा सके। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि हमें अपने बच्चों, परिवार व समाज को बचाना है तो नशे जैसी बुराईयों को समाप्त करना होगा। प्रायः देखने में आता है कि अनेक युवा नशे की चपेट आ रहे हैं और अपना जीवन और परिवार के भविष्य को अंधकार में डाल रहे हैं।

एसडीएम ने बैठक में पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नशा मुक्ति अभियान के तहत नशीले पदार्थ बेचने वाले के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करें तथा लोगों को नशे से होने वाली हानियों के बारे भी विस्तार से बताएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति नशा करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ भी उचित कार्यवाही अमल में लाएं। उन्होंने बताया कि नशामुक्त समाज सरकार की प्राथमिकता है और समाज के हर वर्ग को आपसी तालमेल के साथ नशा मुक्त समाज बनाना होगा। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति के लिए प्रशासन की ओर से अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है और नशा मुक्ति के लिए आवश्यक प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।




खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों में नशा मुक्ति अभियान चलाए गए हैं, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर बनाने व चार्ट आदि तैयार करने की प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है। विद्यार्थियों द्वारा गांवों में अभियान चलाकर लोगों को रैलियों, प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से नशे के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने बताया कि उपमंडल के सभी सरपंचों के माध्यम से प्रत्येक गांव में नशा मुक्ति अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने ग्राम पंचायत के सदस्यों को निर्देश दिए हुए है कि वे घर-घर जाकर नशामुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक करें।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बैठक में बताया कि नशे को लेकर स्वास्थ्य विभाग सजग है और विभाग के अधिकारियों द्वारा नशा करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उपमंडल नीलोखेड़ी के सिविल अस्पताल में कमरा नंबर- 35 में नशे के आदी व्यक्तियों की निरंतर काउंसिलिंग कर स्वास्थ्य विभाग की ओर से उन्हें नशा मुक्ति की दवाईयां भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं। चिकित्सकों द्वारा भी समय-समय पर स्कूलों में नशा मुक्ति अभियान आयोजित करवाए जा रहे हैं। इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## करप्शन फ्री इंडिया शीर्षक पर भाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा करप्शन फ्री इंडिया शीर्षक पर भाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन द सेंचुरी स्कूल, घरोंडा में हुआ, कार्यक्रम की प्रोजेक्ट इंचार्ज डॉ निशा गुप्ता, इंटरनेशनल प्रेजिडेंट महिला प्रकोष्ठ रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एंव नैशनल चेयरमैन पवन शर्मा ने की। स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा करप्शन फ्री इंडिया शीर्षक पर उच्च स्तरीय भाषण प्रस्तुत किए गए। भाषण प्रतियोगिता में सुनिधि राणा ने प्रथम, गरिमा ने द्वितीय एंव मनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, विजेताओं एंव सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन ट्रॉफी व गिफ्ट दिए गए। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन से



शशि बंसल ने फाउंडेशन का स्कूल में प्रतियोगिता करवाने पर आभार व्यक्त किया, फाउंडेशन द्वारा सेंचुरी स्कूल को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट इंचार्ज डॉ निशा गुप्ता ने कहा की इस तरह की प्रतियोगिताओं से लोग करप्शन के विरुद्ध जागरूक होते हैं एवं विद्यार्थियों को सच्चाई एंव ईमानदारी से जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा की फाउंडेशन इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर करप्शन फ्री इंडिया अभियान को आगे बढ़ा रहा है। इस अवसर पर सुरेंद्र मोहन गाबा ने भारत का रहने वाला हूँ भारत की बात सुनाता हूँ गीत गाकर विद्यार्थियों को देशभक्ति का सन्देश दिया एंव के पी अग्रवाल ने कोशिश करने वालो की कभी हार नहीं होती कविता सुनकर विद्यार्थियों को मोटिवेट किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अजीत राही, राखी गर्ग, हरीश वधावन, देवेंद्र कुमार, रमा तिवारी, स्वाति गुप्ता, कर्म सिंह लांग्यान, राम कुमार शर्मा, अनिल गुप्ता, मेघा बंसल, विम्मी मलिक, चारु जोशी, अरुणा गुप्ता, मोनिका गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# बालिकाएं अवश्य सीखें आत्मरक्षा के गुर-सुषमा गुप्ता

**करनाल।** डीसी एवं जिला बाल कल्याण परिषद के प्रधान उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा बाल दिवस 2024 के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की महासचिव सुषमा गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर महासचिव सुषमा गुप्ता ने सभी कार्यक्रमों का अवलोकन किया और प्रतियोगिता में उपस्थित विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई का उदाहरण देकर बच्चों विशेष कर बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सीखने के लिए प्रेरित किया।

जिला बाल कल्याण अधिकारी आरती ने मुख्य अतिथि महोदया का स्वागत करने उपरांत बताया कि आज समूह नृत्य, एकल नृत्य, पोस्टर-मेकिंग, क्विज, फन-गेम, तथा भक्ति समूह गायन प्रतियोगिताएं विभिन्न आयु वर्गो में बाल भवन तथा कालिदास रंगशाला में आयोजित करवाई गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इन प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी ही आगे मंडल-स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। -आज की प्रतियोगिताओं के समूह नृत्य ग्रुप 2 में तेजस्विनी और ग्रुप जे पी एस अकादमी निसिंग प्रथम, लक्ष्मी और ग्रुप जी जी एम एस एस एस एस, करनाल द्वितीय, चारू एंड ग्रुप, शिव शक्ति मिशन, तृतीय मनरूप और ग्रुप दयाल सिंह मेन ब्रांच और यशविन एंड ग्रुप पार्थ पब्लिक स्कूल, घरौंडा सयुंक्त रूप से चतुर्थ रहे।

- क्विज ग्रुप-2, में याशिका और सोहम् कक्षा 8 डी ए वी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल नीलोखेड़ी प्रथम, अनन्या और यशवीर कक्षा 8 प्रताप पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 द्वितीय, यथार्थ और देव कक्षा 8 आर एस पब्लिक स्कूल, तृतीय तथा चेतन्य और रेहांश कक्षा 7 आर पी एस इंटरनेशनल स्कूल चतुर्थ रहे

-क्विज ग्रुप-3 में, परीशा दहिया कक्षा 9 और धीरेश कुमार सौदा कक्षा 10 प्रथम




गर्व और तमन्ना कक्षा 10 गुरुहरकिशन पब्लिक स्कूल सेक्टर 13 द्वितीय, भूमि और कीर्ति शर्मा कक्षा 10 जे पी एस अकादमी निसिंग तृतीय, मिनाक्षी गुलाटी कक्षा 10 और दक्षेश मुदगिल कक्षा 9 प्रताप पब्लिक स्कूल मेन ब्रांच चतुर्थ रहे।

- देश भक्ति समूह गान ग्रुप-2 में पलकदीप कौर, ग्रुप जे पी एस अकादमी असंध, प्रथम, गुरलीनकौर, ग्रुप जे पी एस अकादमी निसिंग द्वितीय, सरगी, ग्रुप दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर 7, तृतीय, अथर्व, ग्रुप आर पी एस इंटरनेशनल स्कूल, और राघव, ग्रुप प्रताप पब्लिक स्कूल जुंडला संयुक्त रूप से चतुर्थ रहे।

- एकल नृत्य ग्रुप-3 में मन्नत कक्षा 10 आर पी इंटरनेशनल स्कूल प्रथम, आयुषी कक्षा 10 राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति स्कूल द्वितीय, रमनप्रीत कक्षा 10 एस पी एस कान्वेंट स्कूल तृतीय, इशिका कक्षा 9 आर एस पब्लिक स्कूल चतुर्थ रहे।

-पोस्टर मेकिंग ग्रुप-2 में निया भार्गव कक्षा 8 ओ पी एस विद्या मंदिर प्रथम, रिषिता कक्षा 7 डी पी एस द्वितीय, एकता कक्षा 7 डी ए वी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल नीलोखेड़ी तृतीय, भव्या कक्षा 8 प्रताप पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 चतुर्थ, ग्रुप-3 में गुरनाज कौर कक्षा 9 दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर 7 प्रथम, प्रीत राणा कक्षा 9 बाबा रामदास विद्या पीठ कुलवेहरी द्वितीय, रितिका पानू कक्षा 10 दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर 7 तृतीय, अर्पिता कक्षा 10 जे पी एस अकादमी असंध तथा शवेतिमा ग्रोवर कक्षा 9 प्रताप पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 संयुक्त रूप से चतुर्थ रहे।

- ग्रुप-4 में गौरव कक्षा 12 पीएम श्री जी एस एस एस जुंडला प्रथम, हरमन कक्षा 12 ओ पी एस विद्या मंदिर द्वीतीय, सानवी नारायण कक्षा 12 डी पी एस तृतीय, स्पर्धा कक्षा 11 दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर 7 तथा नैना कक्षा 12 संत निक्का सिंह स्कूल मॉडल संयुक्त रूप से चतुर्थ रहे।

- फन गेम ग्रुप-3 बॉयज में नैतिक एंड ग्रुप कक्षा 10 वी वी एन असंध, प्रथम, हिमांशु एंड ग्रुप कक्षा 8 जे पी एस अकैडमी निसिंग, द्वितीय, तेजस एंड ग्रुप कक्षा 8, जे पी एस अकैडमी निसिंग, तृतीय और आर्यन एंड ग्रुप कक्षा 9 एस डी मॉडल वरिष्ट माध्यमिक चतुर्थ रहें।

-फन गेम ग्रुप 3 गर्ल्ज में मन्नत एंड ग्रुप कक्षा 9, पार्थ पब्लिक स्कूल घरौंडा, प्रथम, सृष्टि एंड ग्रुप कक्षा 9, आर पी एस इंटरनेशनल स्कूल, द्वितीय, सलोनी एंड ग्रुप कक्षा 10, वी वी एन असंध, तृतीय तथा अन्नपूर्णा एंड ग्रुप कक्षा 10 डी ए वी पब्लिक स्कूल, करनाल चतुर्थ रहे।

इस अवसर पर इन प्रतियोगिताओं के संचालन के लिये जिला बाल कल्याण परिषद्, करनाल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# तीरंदाजी के विजेताओं ने की जिलाधिकारी से भेंट, जिलाधिकारी ने दी शुभकामनाए

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद ( आशा चौधरी)** महामाया स्पोर्ट स्टेडियम गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ एवं गाजियाबाद आचेर्री एसोसिएशन द्वारा आयोजित 11वीं उत्तर प्रदेश सीनियर प्रादेशिक तीरंदाजी प्रतियोगिता 2024 के सकुशल सम्पन्न कराई गई। इसी के क्रम में अनिल शर्मा प्रेजीडेंट आचेर्री के नेतृत्व में तीरंदाजी प्रतियोगिता के स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक





विजेताओं ने जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह से शिष्टाचार भेंट की। जिलाधिकारी महोदय ने सभी विजेता खिलाड़ियों से वार्ता की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें जीत की बधाई देते हुए शुभकामनाऐं दी। इस मौके पर विजेताओं में प्रवीन कुमार, साक्षी चौधरी, रिशा राठी, अन्नया पाण्डेय व वंशिका रावल रहे। साथ ही वेद कुमार (राज्य स्तरीय लक्ष्मण अवार्ड पुरस्कृत) संयुक्त सचिव उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ, शकिल सैफी कोच आचेर्री, सैफाली सिंह कोच आचेर्री गर्ल्स, रीता तिवारी स्पोर्टस टीचर, विवेक रावल मैनेजर गाजियाबाद आचेर्री एसोसिएश एवं धमेन्द्र राठी भी उपस्थित रहे।

# गाज़ियाबाद में फर्जी डॉक्टरों की भरमार, स्वास्थ्य विभाग की मिली भगत पर उठे सवाल

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक आदेश जारी किया है। उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों में बिना लाइसेंस और बिना डिग्री के जो भी डॉक्टर बन बैठे हैं उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. आदेश जारी करने के बावजुद भी गाजियाबाद में लगातार ऐसे डॉक्टरों को अंकित किया जा रहा है. उनके पास किसी तरह का कोई लाइसेंस नहीं हैं और उन्होंने किसी तरह की कोई डिग्री प्राप्त नहीं की है।अलग-अलग इलाकों में डॉक्टर बन लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है. ऐसे में गाजियाबाद के सीएमओ अखिलेश मोहन का कहना है कि उन्होंने इस तरह के डॉक्टर को लेकर एक अभियान चलाया और जिसमें लगभग 16 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। फर्जी डॉक्टरों की बढ़ती संख्या। गाज़ियाबाद में फर्जी डॉक्टरों की संख्या बहुत ज्यादा है। अंदाजा जारी किया गया है कि यह संख्या 3000 से



4000 तक भी हो सकती है। ऐसे फर्जी डॉक्टरों के इलाज के कारण कई बार मरीज को अपनी जान से हाथ भीं धोना पड़ता है, लेकिन उसके बाद भी धडेले से यह क्लीनिक लगातार चल रहे हैं। टीम ने किया जायजा टीम सबसे पहले गाजियाबाद के नंदग्राम के एक क्लीनिक पर पहुंची , वहां पर एक फर्जी डॉक्टर मरीज का इलाज कर रहा था। उनको एलोपैथिक दवाइयां दे रहा था। बात चित पर जब पुछा गया कि आखिरकार उनके पास ह्लकिस तरह का लाइसेंस और डिग्री है, तो उनका कहना था कि ह्लहम गाजियाबाद के प्राइवेट चिकित्सा वेलफेयर एसोसिएशन से जुड़े हैं, जिसके चलते हमारे पास गाजियाबाद के स्वास्थ्य विभाग की टीम नहीं आती है। दारोगा पर 35 हजार वसूली का आरोप, बाल विवाह रोकने की जांच में हुआ सस्पेंड इस फर्जी डॉक्टर के इस बयान को सुनकर कहीं ना कहीं गाजियाबाद स्वास्थ्य विभाग की टीम पर भी सवाल खड़े होते हैं, कि आखिरकार स्वास्थ्य विभाग की टीम ऐसे फर्जी डॉक्टर पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है, जो कि लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं. सूत्रों की माने तो इस क्लीनिक पर बीते कुछ महीना पहले गाजियाबाद स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सील लगाने का काम किया गया था। लेकिन समय के साथ एक बार फिर इस क्लिनिक को खोला गया है और यहां पर अनक्वालिफाइड और फर्जी डॉक्टर लगातार लोगों का इलाज करने का काम कर रहे हैं

# गुगल ट्रांसलेटर से ट्रांसलेट किया हुआ है...

## सीबीआई के 92 उपनिरीक्षकों (28वें बैच) का अलंकरण समारोह आयोजित

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद** सीबीआई निदेशक श्री प्रवीण सूद ने युवा अधिकारियों से संगठनात्मक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगन से काम करने का आह्वान किया केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के 92 उपनिरीक्षकों (28वें बैच) का अलंकरण समारोह आज (16 अक्टूबर, 2024) सीबीआई अकादमी, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) में आयोजित किया गया। सीबीआई के निदेशक श्री प्रवीण सूद अलंकरण समारोह के मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर बोलते हुए, सीबीआई के निदेशक श्री प्रवीण सूद ने सीबीआई अकादमी द्वारा पेश किए गए आधुनिक और नए युग के जांच उपकरणों सहित जांच के विभिन्न पहलुओं को कवर करने वाले प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने पर युवा अधिकारियों और उनके परिवारों को बधाई दी। उन्होंने युवा अधिकारियों के कौशल को निखारने की दिशा में कड़ी मेहनत करने के लिए सीबीआई अकादमी के अधिकारियों और कर्मचारियों की भी सराहना की। विभिन्न क्षेत्रों से आए अधिकारियों की संरचना का उल्लेख करते हुए श्री सूद ने संतोष व्यक्त किया कि महिला अधिकारी तेजी से सीबीआई में शामिल हो रही हैं, जिसे उन्होंने स्वागत योग्य संकेत बताया। श्री सूद ने अधिकारियों से कहा कि वे अकादमी में सीखे गए कौशल का सर्वोत्तम उपयोग करते हुए अपनी सर्वश्रेष्ठ सेवाएं प्रदान करें, ताकि सीबीआई के प्रमुख जांच एजेंसी के रूप में संगठनात्मक लक्ष्य को पूरा किया जा सके। उन्होंने जोर दिया कि यह उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने




इस बात पर भी जोर दिया कि अधिकारियों की असली सीख अब शुरू होती है, क्योंकि वे जांच, अभियोजन आदि के लिए अपनी तैनाती के दौरान वास्तविक कार्य में लग जाते हैं, जो कौशल को और निखारने के लिए अपार अवसर प्रदान करता है। श्री सूद ने अधिकारियों को सलाह दी कि वे अनुभवों से सीखते रहें और चुनौतियों या असफलताओं से कभी निराश न हों, क्योंकि इससे किसी के ज्ञान और विशेषज्ञता को बढ़ाने का अवसर मिलेगा। सीबीआई निदेशक ने आगे जोर दिया कि सीबीआई आंतरिक रूप से अच्छे काम की सराहना के लिए अपार अवसर प्रदान करती है और उन्हें सलाह दी कि वे सोशल मीडिया जैसे बाहरी प्लेटफार्मों के माध्यम से प्रशंसा की तलाश न करें। उन्होंने अधिकारियों से उद्योग, निष्पक्षता और ईमानदारी के सीबीआई आदर्श वाक्य से हर समय प्रेरणा लेने को कहा। सीबीआई के डीएनए में ईमानदारी और निष्पक्षता के बारे में बात करते हुए श्री सूद ने जोर दिया कि अधिकारियों को बाहरी प्रभावों से अछूता रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और उनके परिवारों को भारत में कहीं भी सेवा करने के लिए तैयार रहना चाहिए। स्मार्ट वर्क का आह्वान करते हुए, सीबीआई निदेशक ने रेखांकित किया कि कड़ी मेहनत का अर्थ है कम से कम प्रयासों के साथ वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए कौशल का उत्पादक रूप से उपयोग करना। उन्होंने अधिकारियों को अपने परिवारों की अनदेखी किए बिना स्वस्थ कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखने की सलाह दी। समारोह के दौरान, सीबीआई के निदेशक श्री प्रवीण सूद ने प्रशिक्षुओं को पदक और ट्रॉफी वितरित की। श्री श्रीवत्सन वी को ह्लसर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड एसआई प्रशिक्षु के लिए डीपी कोहली पुरस्कारह्व और ह्लइंडोर स्टडीज के लिए डीसीबीआई ट्रॉफीह्व से सम्मानित किया गया। सुश्री राज किरण को ह्लसाइबर अपराध जांच के लिए ट्रॉफीह्व से सम्मानित किया गया। श्री विमल सिंह अधिकारी को ह्लसर्वश्रेष्ठ आउटडोर के लिए जॉन लोबो ट्रॉफीह्व के लिए चुना गया और सुश्री मेघा पाराशर को ह्लसमर्पण और अनुकरणीय आचरण के लिए सीबीआई अकादमी ट्रॉफीह्व मिली। युवा सीबीआई अधिकारियों ने 8 महीने का कठिन, परिश्रमी और मेहनती प्रशिक्षण लिया, जो एसएससी (संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा) और एलडीसीई के माध्यम से चुने जाने के बाद 12 फरवरी, 2024 को अपने बुनियादी प्रशिक्षण के लिए सीबीआई अकादमी, गाजियाबाद में शामिल हुए थे। कैडेटों को कानून और जांच कौशल, भ्रष्टाचार विरोधी मामलों की जांच, विभिन्न प्रकार के पारंपरिक अपराधों, खुफिया जानकारी एकत्र करने, आर्थिक अपराध, साइबर अपराध मामले, बैंक धोखाधड़ी के मामले, मोबाइल फोरेंसिक, फोरेंसिक और वैज्ञानिक उपकरण आदि में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के संग्रह, पॉलीग्राफ, ब्रेन मैपिंग, नार्को-विश्लेषण, डीएनए फिंगरप्रिंटिंग आदि जैसे जांच के लिए वैज्ञानिक सहायता में कौशल को मजबूत करना भी शामिल था। पाठ्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षुओं में पेशेवर ईमानदारी और ईमानदारी, मानवाधिकारों के प्रति सम्मान और अनुशासन की भावना के उच्चतम मानकों को विकसित करना भी था। प्रशिक्षु अधिकारियों को जिला पुलिस इकाइयों (शहरी एवं ग्रामीण) के माध्यम से जमीनी स्तर का अनुभव प्रदान किया गया तथा एनएफएसयू, आईबी, सेबी, एसएफआईओ और एक राष्ट्रीयकृत बैंक का दौरा कराया गया तथा उन्हें विधि अधिकारियों के साथ भी जोड़ा गया। समारोह में सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों में श्रीमती संपत मीना, अतिरिक्त निदेशक; श्री मनोज शशिधर, अतिरिक्त निदेशक; श्री एन वेणुगोपाल, अतिरिक्त निदेशक; श्री एवाईवी कृष्णा, अतिरिक्त निदेशक, डॉ. पद्मिनी सिंह, अभियोजन निदेशक सहित अन्य विभागों और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए।

# नौकरानी खिलाती रही पूरे परिवार को पेशाब वाला खाना पूरे परिवार के बीमार बीमार होने पर लगा पता





संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

थाना क्रोसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में रियल स्टेट कारोबारी का पूरा परिवार लंबे समय तक नौकरानी के पेशाब से बना खाना खाता रहा। उनकी नौकरानी अपनी पेशाब से बना खाना उन्हें परोसती रही और वे खाते रहे। उन्हें पता तब चला जब एक-एक करके कारोबारी के परिवार के सभी लोग लिवर संक्रमण का शिकार होते गए। कारोबारी ने किचन में कैमरे लगवा दिए जब इसका खुलासा हुआ। कारोबारी की शिकायत पर गाजियाबाद पुलिस ने मंगलवार को आरोपी नौकरानी गिरफ्तार कर लिया।क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र की एक सोसाइटी में एक रियल एस्टेट कारोबारी परिवार के साथ रहते हैं। उनके घर में शांतिनगर निवासी रीना करीब आठ साल से नौकरानी का काम कर रही थी। घर के काम के अलावा वह खाना भी बनाती थी। पिछले कुछ महीनों से परिवार के लोग लिवर संक्रमण का शिकार होने लगे थे। कारोबारी ने डॉक्टर को दिखाया लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। एक-एक करके पूरा परिवार इस संक्रमण का शिकार हो गया। काफी समय तक कारोबारी का परिवार इसे समझ नहीं पाया लेकिन एक दिन शक होने पर उन्होंने अपने किचन में हिडन सीसीटीवी लगवा दिए तो इस मामले का खुलासा हो गया।

# गाजियाबाद थाना क्रॉसिंग क्षेत्र में युवक की पिटाई का वायरल वीडियो, मुकदमा हुआ दर्ज

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

सोशल मीडिया पर एक युवक की पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है। जो कि गाजियाबाद के थाना क्रॉसिंग के सुदामपुरी का बताया जा रहा है। एक दूसरे वायरल वीडियो में एक युवक द्वारा बताया जा रहा है कि पीटने वाला व्यक्ति वह स्वयं है उसने अपना नाम विशाल बताया उसने बताया कि कुछ लोगों द्वारा उसको जबरदस्ती स्मैक बेचने के लिए पीटा गया



पीटने वाले लोगो में बादल , अतुल , मुनीम , अरुण तथा गौरव सोलंकी था। वायरल वीडियो में विशाल ने बताया बादल और गौरव सोलंकी उससे स्मैक बिकवाने चाहते है वरना उसे धमकी दी जा रही कि उसे जेल भिजवा दिया जाएगा। एसीपी वेव सिटी लिपि नगायच ने पूरे मामले का एक्स वायरल हुए वीडियो का संज्ञान लेते हुए विशाल की शिकायत प्राप्त करते हुए मुकदमा दर्ज करवा लिया है पुलिस द्वार आरोपियों की खोज की जा रही है।

# युवाओं में नशे की लत ने केवल उनके लिए बल्कि उनके परिवारों के लिए भी एक अभिशाप है देवेंद्र कुमार

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

नेहरू युवा केंद्र, हापुड़ युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय, भारत सरकार ने माई भारत के तत्वाधान में आज नशे की लत एवं मादक पदार्थों के सेवन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जे एम एस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन हापुड़ में किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में सभी अतिथियों को फ्लॉवर बैज लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जे एम एस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के डायरेक्टर जनरल डॉक्टर सुभाष गौतम विशिष्ट अतिथि श्रीमती सहवार और साक्षी गुप्ता ने किया । इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक श्री देवेंद्र कुमार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के पृष्ठभूमि के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि युवाओं मे नशे की आदत उनके लिए ही नहीं बल्कि यह उनके परिवारों के लिए भी एक अभिशाप है । अतः सभी युवाओं को नशे की लत अथवा अन्य किसी भी प्रकार के मादक



पदार्थो के सेवन से बचना चाहिए । इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में श्री राजेश कुमार जादौन पूर्व उपनिदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन तथा दोनों विशिष्ट अतिथियों ने युवाओं को नशाखोरी से बचने की सलाह देते हुए बताया कि आप सभी लोग जो इस संगोष्ठी में शामिल हैं हम यह मानते हैं कि आप अन्य युवाओं को नशे से बचाने के लिए एक एंबेसडर का काम करेंगे तथा सभी युवाओं को जागरूक करेंगे ताकि वह नशे से दूर रहे । नशा एक ऐसी बीमारी है जो व्यक्ति के मस्तिष्क और व्यवहार पर को प्रभावित करती है और यदि किसी को इसकी लत लग जाए या इसका आदी हो जाए तो वह ना चाहते हुए भी इसका सेवन करता है जबकि उसे इसके भयंकर परिणाम का आभास भी हो जाता है। उन्होंने नशाखोरी से बचाव के लिए युवाओं को अनेक उदाहरण देकर एवं सरकार द्वारा तैयार किए गए पाठ्यक्रम के अनुसार युवाओं को इससे बचने के लिए गाइड किया । आगे बताया की दिल्ली और उसके आसपास एनसीआर क्षेत्र में तथा हायर एजुकेशन के संस्थानों में युवाओं में इसकी लत दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया कि युवा तंबाकू गुटखा तथा अन्य पदार्थ खाने वाले लोगों को कभी कैंसर हॉस्पिटल में जाकर देखें कि उनकी हालत क्या है ताकि वह इसके भयंकर परिणाम को समझ सके और इससे बचने का प्रयास करेंगे। अंत युवाओं को नशे से बचने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में साहवार साक्षी गुप्ता राजेश जादौन मेघा छवि अंशु दिव्यांशी जुनैद विशाखा दीप्ति अरुण विकास प्रिंस रितिक शर्मा शाहिद सहित लगभग 70 बच्चों ने भाग लिया ।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का हुआ सफलतापूर्वक आयोजन

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

गाजियाबाद मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, परिवहन अनुभाग-3 के पत्र के द्वारा दिनांक 02.10.2024 से 16.10. 2024 तक ३सड़क सुरक्षा पखवाड़ा३ का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इसी कम में आज दिनांक 16.10.2024 को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा३ समापन कार्यक्रम काइस्ट टू डीम्ड यूनिवर्सिटी, नन्दग्राम गाजियाबाद में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में लगभग 300 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गम्भीर सिंह, अपर जिलाधिकारी (नगर) गाजियाबाद द्वारा अपने सम्बोधन में उपस्थित सभी जनमानस को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी यातायात नियमों का पालन करने हेतु जानकारी दी गयी और अपने सम्बोधन में कहा गया कि






सड़क सुरक्षा के बारे में नागरिकों में जागरूकता दिखायी दे रही है और ऐसे जागरूकता कार्यक्रम सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। उन्होनें परिवहन विभाग को इसके लिए अनेकानेक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पियूष कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) गाजियाबाद द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित जानकारी को भली भांति समझे तथा दूसरों को समझायें एवं सड़क पर वाहन चलाते समय स्वयं व दूसरों की जान की रक्षा करें तथा मार्ग पर दुर्घटना में पीड़ितों की सहायता कर गुड सेमिरेटियन बने। उक्त कार्यक्रम के अन्त में राहुल श्रीवास्तव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) गाजियाबाद द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों से अपील की गयी कि बिना वैध ड्राईविंग लाईसेंस के वाहन संचालित न करने, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने एवं चार पहिया वाहन के संचालन के समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करने, शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन न चलाने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, लेन ड्राइविंग नियमों का पालन करने, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहने हेतु प्रेरित किया गया और यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलायी गयी। उक्त कार्यक्रम में गम्भीर सिंह, अपर जिलाधिकारी (नगर) गाजियाबाद, पियूष कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) गाजियाबाद, राहुल श्रीवास्तव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), अमित राजान राय, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), मनोज कुमार मिश्रा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), एवं विश्वविद्यायल के प्रधानाचार्य सहित 300 प्रतिभागी उपस्थित रहे। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) गाजियाबाद।

# गाजियाबाद उप निर्वाचन क्षेत्र 56 में निर्वाचन हेतु जिला मजिस्ट्रेट ने की प्रेस कांफ्रेंस

## हम सभी की जिम्मेदारी है शांतिपूर्ण मतदान कराना और मतदान के प्रति मतदाताओं में जागरूकता लाना: इन्द्र विक्रम सिंह

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

उप निर्वाचन विधानसभा क्षेत्र 56-गाजियाबाद-2024 के निर्वाचन की अधिसूचना कार्यक्रम के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस कर निर्वाचन की जानकारी दी गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि निर्वाचन की अधिसूचना जारी करने का दिनांक 18-10-2024, नाम निर्देशन दाखिल करने का अंतिम दिनांक 25-10-2024, नाम निर्देशन की जाँच हेतु अन्तिम दिनांक 28-10-2024, नाम वापसी हेतु अन्तिम दिनांक 30-10-2024, मतदान का दिनांक 13-11-2024, मतगणना का दिनांक 23-11-2024 व दिनांक जिसके पूर्व निर्वाचन पूर्ण करा लिया जायेगा 25-11-2024 है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या व नाम 56 -गाजियाबाद है। रिटर्निंग आफिसर डॉ० संतोष कुमार उपाध्याय, नगर मजिस्ट्रेट, गाजियाबाद हैं। नामांकन स्थल कक्ष संख्या 127, न्यायालय अपर जिलाधिकारी नगर, गाजियाबाद होगा। 56- गाजियाबाद विधानसभ क्षेत्र में अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में तैनात सहायक रिटर्निंग आफिसर 04 है। जो जिला समाज कल्याण अधिकारी गाजियाबाद, नायब





तहसीलदार गाजियाबाद, पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, गाजियाबाद, नगर शिक्षा अधिकारी विजयनगर जोन हैं। 56- गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्र 119 व मतदेय स्थल 506 हैं। 56- विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत दिनांक 15-10-2024 के आधार पर मतदाताओं में पुरूष 254017, महिला 207314, अन्य 29, कुल 461360, जेण्डर रेशियों 816, 18-19 मतदाता 5449, 85+ मतदाता 1324 व सर्विस मतदाता 240 हैं। दिव्यांग मतदाता के रूप में चिन्हित मतदाता 2388 हैं। विधानसभा क्षेत्र में 01 महिला बूथ, 01 युवा बूथ की स्थापना की गयी है जिस पर मतदान स्टाफ के रूप में महिलाएं तथा युवा कर्मचारी ही नियुक्त रहेंगें। 56-गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन 2024 हेतु मतदान पार्टियों की रवानगी रामलीला मैदान से की जायेगी। उप निर्वाचन 2024 के मतगणना सम्बन्धी कार्य नवीन मण्डी स्थल, हापुड रोड, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद में किया जायेगा। निर्वाचन सम्बन्धी कार्यो के संपादन हेतु नोडल अधिकारियों की तैनाती कर दी गयी है, इसके साथ ही उप निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने के साथ ही जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। आदर्श आचार संहिता को प्रभावी रूप से लागू किये जाने हेतु जनपद के अपर जिलाधिकारी (नगर) गम्भीर सिंह को आदर्श आचार संहिता का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। आदर्श आचार संहिता प्रभावी रहने के दौरान चुनाव प्रचार भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुसार रिटर्निंग आफिसर से पूर्व अनुमति प्राप्त करने के उपरान्त किया जायेगा।इस दौरान मीडिया बंधुओं द्वारा आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन से सम्बंधित अनेक सवाल किये गये, जिनका जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सन्तोषजनक उत्तर दिये गये। इसके साथ ही जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने मीडिया बन्धुओं से आग्रह किया है कि वह निर्वाचन कार्य को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने और अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक कराने हेतु सहयोग प्रदान करें। प्रेस कांफ्रेस में मुख्य रूप से एडीएम ई रणविजय सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में मीडिय बन्धु उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा का चौथे दिन का साराँश

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)**

शिप्रा सनसिटी में भारतीय धरोहर संस्था द्वारा आयोजित भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक आचार्य पवन नंदन जी ने हिरण्याक्ष कश्यप के वध और नरसिंह अवतार, श्रीकृष्ण जन्म की कथा और राम कथा का विवरण संगीतमय भजनों के माध्यम से प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया कथा में नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जैसे बधाई गीतों पर पूरा पंडाल झूम उठा। श्रीकृष्ण के जन्म के प्रसंग और भगवान की लीला का भी वर्णन करते हुए बताया कि जब-जब पृथ्वी पर कोई संकट आता है, दुष्टों का अत्याचार बढ़ता है तो भगवान अवतरित होकर उस संकट को दूर करते हैं। भगवान विष्णु ने कई बार पृथ्वी पर अवतार लिए हैं। व्यासपीठ आचार्य पवन नंदन जी ने कहा कि श्री कृष्ण का गुणानुवाद श्रवणीय है और श्री राम का चरित्र अनुकरणीय है। श्रीकृष्ण की कथा को निरंतर श्रवण करते रहना चाहिए क्योंकि निरंतर कृष्ण का गुणानुवाद





सुनने मात्र से यह मन श्री कृष्ण के चरण कमल में लग जाता है। भगवान श्रीराम ने जिस चरित्र का पालन किया, जिस मयार्दा का पालन किया, उनके चरित्र का, उनके द्वारा बनाई हुई मयार्दा का पालन इस मनुष्य को निरंतर करते रहना चाहिए। भगवान भक्तों के कल्याण के लिए ही कभी राम रूप में प्रकट होते हैं, कभी कृष्ण रूप में प्रकट होते हैं और पृथ्वी का भार उतार कर सुंदर लीला करके अपने दिव्य धाम को चले जाते हैं।कृष्ण जन्मोत्सव के समय पंडाल को गुब्बारे,फूल मालाओं से सजाया गया, कथा महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भगवान श्री कृष्ण के जन्म की खुशियां मनाई। श्रद्धालुओं ने धूमधाम से संवाद के अनुसार जीवित प्रसंग का आनंद लिया, कथा का लाइव प्रसारण आचार्य पवन नंदन जी के यूट्यूब चैनल और भारतीय धरोरह संस्था के फेसबुक पेज के माध्यम से भी किया जा रहा है, जिसका भी श्रद्धालु भरपूर आनंद ले रहे है. कथा आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं के लिए माखन मिश्री का प्रसाद आदि वितरण किया, इस धर्मार्थ कार्य में कपिल त्यागी, विजय शंकर तिवारी, सुचित सिंघल, सीपी बालियान, सुशील कुमार, अविनाश चंद्र, स्वाति चौहान, धीरज अग्रवाल, कमलकांत शर्मा आदि उपस्थिति रहे.

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011